वर्ष 14, अंक 82
गैरसैंण
सोमवार
17 जुलाई 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सीएम धामी ने किया मुख्यमंत्री आवास परिसर में वृक्षारोपण



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरेला पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने आम की पूषा श्रेष्ठ प्रजाति का पौधा लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन का पर्व है। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में प्रदेश में सामाजिक संगठनों, संस्थाओं एवं विभागों के माध्यम से व्यापक स्तर से वृक्षारोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा जल संरक्षण एवं जल धाराओं के पुनर्जीवन की दिशा में राज्य में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा देश में जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सभी को आगे आने का आवाहन किया गया है।

राज्य में इस दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं। राज्य में 1200 से अधिक अमृत सरोवर बनाए गए हैं। इस दिशा में आगे भी लगातार कार्य होंगे।

## नड्डा ने बताई यूपीए की परिभाषा, 'यू' उत्पीड़न, 'पी' पक्षपात और 'ए' मतलब अत्याचार

**जयपुर , एजेंसी।** जेपी नड्डा ने जयपुर में गहलोत को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में खुली छूट है भ्रष्टाचार करने की। राजस्थान में गहलोत सरकार महिलाओं, दलित, पिछड़े सब पर अत्याचार कर रही है। कांग्रेस पार्टी बेटा और मां की पार्टी है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने बटन दबाकर 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान की शुरुआत की।



नड्डा ने अपने संबोधन की शुरुआत वीरों की भूमि को नमन करके की। उन्होंने कहा कि मैं जयपुर में आया हूं तो मोती डूंगरी गणेश मंदिर हमारे गणेश जी को, गोविंद देव जी, गलता माता जी को भी नमन करता हूं। इसके साथ-साथ हमारे वीरों की भूमि शौर्य की भूमि, तपस्या की भूमि सामाजिक चेतना लाने वाली भूमि स्वाधीनता की लड़ाई लड़ने वाली ऐसी वीर भूमि को भी नमन करता हूं और आशीर्वाद लेकर अपनी बात पहुंचाता हूं।

उन्होंने कहा कि मित्रों राजस्थान में पांच साल के रिकॉर्ड क्या हैं? गहलोत सरकार ने कुशासन के झंडे जलाने का काम किया है। अगर भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया तो गहलोत सरकार ने बनाया और इसी बात को आगे बढ़ाएं तो सामने आता है चाहे दलितों पर अत्याचार या महिलाओं पर अत्याचार हो, आदिवासियों पर अत्याचार, बच्चों पर अत्याचार, सभी में राजस्थान में सारे रिकॉर्ड तोड़ने का काम किया है। इसलिए हमने तय किया है 'नहीं सहेगा राजस्थान' पर कैंपेन चला कर दो करोड़ लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगें। हर पंचायत में जाएंगे। हर ढाणी में जाएंगे।

जनता को पार्टी का संदेश पहुंचाएंगे और भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त सरकार लाएंगे।

## पहाड़ों में भारी बारिश के बाद हरिद्वार में भीमगोड़ा बैराज का फाटक टूटा

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बारिश के बाद रविवार शाम हरिद्वार में भीमगोड़ा बैराज का 10 नंबर गेट टूट गया।

बताया जा रहा है कि इस समय गंगा चेतावनी रेखा के करीब चल रही है। वहीं, अब गेट टूटने के चलते शहर के तटीय इलाकों में पानी भरने का खतरा पैदा हो गया है। पुलिस ने घटना के बाद शहर में मुनादी शुरू कर दी है। तटीय क्षेत्र में रहने वालों को वहां से शिफ्ट होने के लिए कहा जा रहा है। उत्तराखंड के चार जिलों में रविवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जिले के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि, अन्य जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## अतिवृष्टि से गिर्थी नदी का जलस्तर बढ़ा

### खतरे में आया चीन सीमा को जोड़ने वाला पुल



**जोशीमठ(चमोली)।** उत्तराखंड में आज रविवार को भी बारिश का सिलसिला जारी है। जोशीमठ-मलारी मोटर मार्ग पर सुमना से आठ किलोमीटर आगे अतिवृष्टि से गिर्थी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। जिससे यहां चीन सीमा को जोड़ने वाला पुल खतरे में आ गया। इस पुल का इस्तेमाल सेना और गैफ द्वारा किया जाता है।

जलस्तर बढ़ने से पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा भी बहकर आ गया। जिससे पुल के दोनों ओर सड़क को नुकसान हुआ है। बीआरओ के कर्नल अंकुर महाजन ने बताया कि अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया जिससे पुल को खतरा पैदा हो गया है। वहीं, पानी कम होने के बाद ही सड़क की स्थिति का सही अनुमान लग पाएगा।

उत्तराखंड के चार जिलों में रविवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जिले के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि, अन्य जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## खुमती में भूस्खलन से चार मकानों को खतरा

**पिथौरागढ़।** खुमती ग्रामसभा के मल्ला खुमती में भूस्खलन से चार मकानों को खतरा पैदा हो गया है। रविवार को मोहन सिंह, हिम्मत सिंह, मोहनी देवी और परम सिंह के घर के आगे और पीछे की तरफ एकाएक भूस्खलन हो गया। उनका कहना है कि अगर भूस्खलन जारी रहा तो मकानों को भी नुकसान हो सकता है। ग्राम प्रधान गोपाल सिंह ने इसकी सूचना आपदा कंट्रोल रूम को दी है।

## कांवड यात्राः मेला संपन्न, अब गंदगी की टेंशन...35 हजार मीट्रिक टन कूड़ा छोड़ गए कांवडिए

**हरिद्वार, एजेंसी।** कांवड़ मेला सकुशल संपन्न हो गया है, लेकिन कांवड़ यात्री 35 हजार मीट्रिक टन कूड़ा छोड़कर चले गए हैं। जिसकी सफाई करना नगर निगम प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती बना है। हालांकि, नगर निगम प्रशासन की ओर से सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। उसका कहना है कि सफाई व्यवस्था को जल्द पटरी पर ला दिया जाएगा।

चार जुलाई से शुरू हुए कांवड़ मेले में चार करोड़ से भी ऊपर कांवड़ यात्रियों ने हर की पैड़ी से जल भरा है।

पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की कड़ी मेहनत से कांवड़ मेला भी सकुशल संपन्न हो गया है। लेकिन कांवड़ मेले में कांवड़ यात्रियों की ओर से शहर को गंदा कर दिया गया है। जिससे गंगा घाटों के साथ ही तमाम क्षेत्रों में जगह-जगह कूड़े और प्लास्टिक की पन्नी के ढेर लगे हैं।

रोड़ी बेलवाला, पंतद्वीप, ऋषिकुल मैदान, हर की पैड़ी क्षेत्र और गंगा किनारे फैली गंदगी की दुर्गंध से बुरा हाल है। इससे संक्रमक बीमारियों के फैलने का भी खतरा पैदा हो गया है।

हालांकि, कांवड़ मेला क्षेत्र में प्रशासन की ओर से कूड़ेदान लगाए गए थे, लेकिन कूड़ेदान पटने से उनके किनारे कूड़ा पड़ा हुआ है। गंगा घाट भी कूड़े से भरे हैं। प्लास्टिक के ढेर जहां-तहां पड़ा है।

नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती का कहना है कि कांवड़ मेला संपन्न होने के बाद पूरे मेला क्षेत्र में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। कूड़ा उठाने के लिए वाहनों को लगाया गया है। जल्द ही घाटों समेत शहर को स्वच्छ कर दिया जाएगा।

बता दें कि इस साल की कांवड़ यात्रा ने पिछले सभी सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। चार करोड़ 7 लाख कांवड़िये इस बार पहुंचे हैं। जबकि पिछले साल तीन करोड़ 80 लाख कांवड़िये हरिद्वार पहुंचे थे।



IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# दीवार टूटने से खोह में गिर रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा, एसडीएम ने निगम को थमाया नोटिस

## नगर निगम की ओर से खोह नदी के तट पर संचालित किया जा रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड



कोटद्वार गाड़ीघाट में ट्रेंचिंग ग्राउंड की दीवार टूटने से खोह नदी में बहता कूड़ा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा खोह नदी में गिरने पर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने नगर निगम को नोटिस थमाया है। नोटिस में दस दिन के भीतर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी यदि नगर निगम लापरवाही दिखाता है तो उसके खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कोटद्वार नगर निगम बनने के बाद जनता को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम व्यवस्थाओं में भी सुधार नहीं कर पा रहा है। हालत यह है कि गाड़ीघाट खोह नदी के तट पर आबादी के बीच संचालित हो रहे ट्रेंचिंग ग्राउंड की दीवार ढहने के बाद कूड़ा नदी में गिर रहा है। कुछ दिन पूर्व क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी डा.आशीष चौहान ने निगम की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की थी।

उन्होंने उपजिलाधिकारी को मामले में नगर निगम को नोटिस भेजने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि खोह नदी से कई मवेशी पानी पीते हैं। ऐसे में उन्हें संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। नगर निगम एनजीटी के नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

नोटिस में दस दिन के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार नहीं करने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

वहीं, नगर आयुक्त अजहर अली ने कहा कि 13 जुलाई को नदी उफान पर आने के बाद ट्रेंचिंग ग्राउंड की दीवार ढह गई थी। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## केंद्रीय विद्यालय के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः केंद्रीय विद्यालय संगठन देहरादून संभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय पौड़ी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्णपदक, 4रजत व 3 कांस्य पदक हासिल किए। स्कूल की प्राचार्य मनीषा मखीजा ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के एथलेक्टिस स्पर्धा के लिए प्रियांशु नेगी, आदर्श मोहन, सुजल भंडारी,एकता रावत, बैडमिंटन के लिए दिव्यांशी, सिमरन बिष्ट के साथ ही वालीबॉल के लिए सानिया बिष्ट, अनुष्का शाह व पायल रावत का चयन हुआ। इस दौरान खेल प्रशिक्षक धीरेंद्र सिंह सिरोही को सम्मानित भी किया गया।

# पुल गिरने के कारणों की होगी जांच, बख्शे नहीं जाएंगे आरोपी

## सांसद तीरथ सिंह रावत ने किया क्षतिग्रस्त मालन पुल का निरीक्षण



कोटद्वार में मालन नदी के क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण करते सांसद तीरथ सिंह रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि मालन नदी पर बने पुल के गिरने के कारणों की जांच करवाई जाएगी। आरोपी पाए जाने वाले लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भाबरवासियों के लिए आवागमन की बेहतर व्यवस्थाएं बनाने के भी निर्देश दिए।

रविवार को कोटद्वार पहुंचे सांसद तीरथ सिंह रावत ने मालन नदी पर टूटे पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पुल टूटने के बाद सरकार ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मालन नदी के पुल का मात्र 13 वर्षों में टूट जाना दुर्भायपूर्ण है। विभाग को पुल के पिल्लर के ढहने का अंदेशा पहले से ही था। लेकिन, विभाग लापरवाह बना रहा। आज भी विभाग अपनी जिम्मेदारियों को समझने के बजाए एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगा रहा है। कहा कि पूरे मामले की विजिलेंस जांच करवाकर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फोन पर जिलाधिकारी को व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द बेहतर बनाने के भी निर्देश दिए। कहा कि भाबरवासियों को आवाजाही में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

# पौध रोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प



पौड़ी में पौधा रोपण करते विधायक व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** रविवार को हरेला पर्व की शुरुआत हो गई। गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी रेंज नागदेव के तहत नागदेव अनुभाग में पौधरोपण किया गया।

इस दौरान करीब 50 पौधे लगाए गए। मुख्यअतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने की अपील की। इस मौके पर वन संरक्षक गढ़वाल पंकज कुमार, डीएफओ केएन भारती, एसडीओ लक्की शाह, रेंजर ललित मोहन नेगी, राकेश रावत आदि शामिल रहे। वहीं, महाविद्यालय वेदीखाल में स्वच्छता कार्यक्रम व फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान महाविद्यालय के चारों ओर मोरपंखी के पौधों का रोपण किया गया।

इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डा. अवतार सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

## बलवीर चौहान बने अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** लोकनिर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन शाखा पौड़ी की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें बलवीर चौहान अध्यक्ष व नीरज बड़ोला जिला महामंत्री चुने गए। निर्वाचन संयोजक दिगंबर सिंह रावत की देखरेख व मुख्य अतिथि सचिवालय संघ के पूर्व अध्यक्ष दिनेशचंद्र जोशी की मौजूदगी में हुए चुनाव में शैलेश सिंह कोषाध्यक्ष, पवन रावत उपाध्यक्ष, विक्की सिंह संगठन मंत्री व कैलाश सिंह संयुक्त मंत्री चुने गए।

# जनपद के पांच शिक्षकों को मिला सम्मान



सम्मानित हुए पौड़ी जनपद के शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उत्तर प्रदेश के बदायूं में जन दृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन के तत्वाधान में सन्तपाल सिंह राठौड़ स्मृति राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक हरी प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया कि यह सम्मान जन दृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन द्वारा प्रति वर्ष देश के चुनिंदा उत्कृष्ट शिक्षकों को शैक्षिक उन्नयन हेतु प्रदान किया जाता है।

इस सम्मान के लिए देश भर के तीन सौ से अधिक शिक्षकों ने आवेदन किया था जिसमें विभिन्न राज्यों के 125 शिक्षकों को संस्था के विषय विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा चयनित कर सम्मानित किया गया।

उत्तराखंड राज्य के जनपद पौड़ी गढ़वाल के जयहरीखाल ब्लॉक से रवीन्द्र कुमार, राजीव थपलियाल तथा जसपाल असवाल, कल्जीखाल ब्लॉक से कमलेश बलूनी व कोट ब्लॉक से विनोद रावत को भी इस सम्मान से नवाजा गया।

# दुकान में लगी आग, सामान जलकर हुआ खाक



दुकान में आग लगने से खाक हुआ सामान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः नगर पालिका काम्पलैक्स में स्थित एक जनरल स्टोर की दुकान में बीते शनिवार की रात को आग लग गई। आग से दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

नगर पालिका काम्पलैक्स में स्थानीय निवासी नागेन्द्र रतूड़ी की दीप जनरल स्टोर की दुकान है। यह शहर की काफी प्रतिष्ठित दुकान भी थी। बताया गया कि रात्रि करीब डेढ बजे नगर पालिका कॉम्पलैक्स के समीप पूर्व सैनिक कल्याण कार्यालय में रात में डयूटी में तैनात कर्मचारी ने दुकान में आग की लपटे देखी। आग काफी विकराल थी। इसकी सूचना उन्होंने दुकान स्वामी को दी। दुकान स्वामी मौके पर आए और उन्होंने घटना की जानकारी फायर सर्विस पौड़ी को दी गई। दमकल कर्मियों के साथ ही कोतवाली से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जल कर खाक हो गया। पौड़ी के नायब तहसीलदार हरेंद्र खत्री ने मौके का निरीक्षण करते हुए बताया कि करीब दुकान में 80 लाख का सामान जलकर खाक हुआ है। बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# जौनसार बावर में धूमधाम से मनाया गया हरियाली जात्रा पर्व

विकासनगर। जौनसार बावर के कई गांवों में रविवार को जात्रा हरियाली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दिन अपने ईष्ट देवी–देवता और आराध्य देव की पूजा–अर्चना कर ढोल दमाऊ के साथ देवता के चिन्ह खत, गांव के पास स्थित मैदान में स्थापित कर पर्व मनाया जाता है। इस पर्व के साथ ही आज से क्षेत्र में सावन माह की शुरुआत हो गई। जौनसार बावर अपनी अनूठी लोक परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहां सदियों से जात्रा पर्व मनाने की परंपरा रही है। इस दिन स्थानीय लोग देवता के चिन्ह छड़ी, निशान आदि लेकर गांव के पास ऊंचे मैदान पर इकट्ठा होते हैं। देव आराधना करने के साथ स्थानीय वाद्ययंत्रों की थाप पर देवगीत, लोकगीत गाकर पारंपरिक हारूल नृत्य करते हैं। जौनसार के खत द्वार, धुनोउ, बनगांव आदि क्षेत्रों में हर्षोल्लास से जात्रा पर्व मनाया गया। गांव के लोगों ने एकत्रित होकर अपने ईष्ट शिलगुर महाराज, काली माता की पूजा–अर्चना करने के बाद जात्रा मेला की शुरुआत कर खेत फसल की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। रविवार सुबह महिला, पुरुष गांव के पास मैदान में एकत्र हुए और पारंपरिक लोक नृत्य कर पर्व की खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान सदर स्याणा रजनीश नेगी, शमशेर चौहान, विरेंद्र नेगी, युद्धवीर नेगी, मोहन सिंह नेगी, भगत सिंह नेगी, सुल्तान सिंह चौहान, टीकम चौहान, नरेंद्र चौहान, केसर चौहान, जयपाल सिंह, चंदन सिंह, नरेंद्र सिंह, शूरवीर सिंह चौहान, प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, भजन दास आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा पास करने पर पवन कुमार को किया सम्मानित



पवन कुमार को सम्मानित करते पार्षद व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 31 पदमपुर मोटाढ़ाक अंतर्गत उमरावनगर कालोनी निवासी पवन कुमार पुत्र कमला प्रसाद ने उत्तराखंड पटवारी भर्ती परीक्षा में पौड़ी जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

उनकी इस उपलब्धि पर पार्षद सौरव नौडियाल के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने उनके आवास पर जाकर पवन व उसके माता–पिता को सम्मानित किया। पवन ने बताया कि उन्होंने बगैर किसी कोचिंग के, स्वयं अध्ययन कर इस परीक्षा को पास किया है। पार्षद सौरव नौडियाल ने कहा कि युवा अगर जी लगाकर मेहनत करें तो कोई भी लक्ष्य उनके लिए बड़ा नहीं है। पवन कुमार की सफलता इस बात को दर्शाती है। इस अवसर पर उमरावनगर जन कल्याण समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, हरीश जोशी, विमला शुक्ला, कुसुम गुसांई, दीपक खत्री और कल्याण सिंह आदि मौजूद रहे।

## किमोटा की युवतियों ने किया देव पालकी को चांदी का छत्र भेंट

विकासनगर। सावन की संक्रांति पर जौनसार बावर के मंदिरों में रविवार को लोगों ने पूजा–अर्चना कर परिवार की खुशहाली की मन्नतें मांगीं, जबकि कनबुआ स्थित शिलगुर बिजट महाराज के मंदिर में किमोटा गांव की युवतियों (ध्यांटुड़ियों) ने देव पालकी के लिए चांदी का छत्र भेंट किया।

मंदिर में भेंट करने से पूर्व रविवार सुबह छह बजे छत्र को शाही स्नान के लिए हरिद्वार ले जाया गया। जिसके बाद ग्रामीण महिला, पुरुष, बच्चे पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ कनबुआ पहुंचे, जहां स्थानीय ग्रामीणों ने देव छत्र का पारंपरिक तौर पर स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर पीत वस्त्र धारण किए ध्यांटुड़ियों ने शिलगुर बिजट महाराज के दर्शन कर स्वस्थ और सुखद भविष्य की मन्नत मांगी। इसके बाद विधि विधान से मंत्रोच्चार और घंटे, घंडियालों की गूंज के साथ देव पालकी को छत्र भेंट किया।

# गढ़वाल सभा के सदस्यों ने किया पौधा रोपण



कोटद्वार में पौधा रोपण करते सभा के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गढ़वाल सभा की ओर से हरेला पर्व पर पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजन से पर्यावरण संरक्षण की अपील की गई।

रविवार को अटल उत्कृष्ट राइंका कण्वघाटी मे आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पार्षद राकेश बिष्ट व जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास दिनेश जुयाल व प्रधानाचार्य रमाकांत कुकरेती की उपस्थिति में पौधा रोपण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के असंतुलन को देखते हुए वृक्षारोपण अनिवार्य हो गया है। वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे सभी को खतरा है। वृक्षारोपण से इस समस्या को कम किया जा सकता है। तत्पश्चात सभा की ओर से विद्यालय परिसर में आम व नींबू के पौधे लगाए गये। इस अवसर पर सभा के जनार्दन बुड़ाकोटी, बी बी ध्यानी, योगंबर सिंह रावत, गोविंद डंडरियाल, शशिभूषण अमोली, विकास देवरानी, दीपक गौड़ और एस एन नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

## महिला के साथ अभद्र टिप्पणी करने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की महिला ने एक नामजद युवक सहित दो के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उस पर अभद्र टिप्पणी कर उसके मान–सम्मान को ठेस पहुंचाई है। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सहसपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि 11 जुलाई को आरोपी नरेंद्र रावत और उसके साथी ने केदारावाला गांव में उस पर अभद्र टिप्पणी की है। यही नहीं आरोपियों ने उसके मान–सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। जिससे क्षेत्र मे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची है। महिला ने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने आसामाजिक कार्य किया है, जिसको लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी आवश्यक है। जिससे और समाज में फिर से ऐसी हरकतें अन्य महिलाओं और उसके साथ दोबारा न कर सके।

# भाजपा ने विकासनगर में टिफिन बैठक कार्यकर्ताओं को साधा

विकासनगर। भारत सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरे भारतवर्ष में महा जन संपर्क अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को विकासनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक मुन्ना सिंह चौहान की मौजूदगी में भाजपा के तीनों मंडल अध्यक्षों द्वारा टिफिन बैठक का आयोजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने टिफिन बैठक में अपने–अपने घर से अनेकों पकवान बनाकर बैठक स्थल पर पहुंचे। जहां बैठक के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं द्वारा लाये गए टिफिन को एकत्र कर आपस में भंडारे के रूप में वितरित किया गया। बैठक में पहुंचे विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नौ वर्ष के कार्यकाल में देश ने बहुत तरक्की की है। कहा आज हमारे देश की गिनती विश्व के ताकतवर देशों में की जा रही है, यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का प्रतिफल है कि अमेरिका जैसे पावरफुल देश भी भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है। विधायक ने कार्यकर्ताओं को कहा सभी केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं और घर–घर जाकर प्रधानमंत्री के लिए 2024 के लिए समर्थन मांगे। कहा कार्यकर्ता अभी से लोकसभा चुनाव के तैयारी में जुट जाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मीता सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नीरू देवी, मंडल अध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, अनुज गुलेरिया आदि मौजूद रहे।

## पछुवादून, जौनसार बावर में हरेला पर हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

विकासनगर। जौनसार बावर और पछुवादून में रविवार को पौधरोपण के साथ हरेला पर्व का आगाज हुआ। इस दौरान हरेला पखवाड़े के तहत जगह–जगह पौधरोपण किया गया। शिक्षण संस्थानों से लेकर सामाजिक, राजनैतिक संगठनों और वन कर्मियों ने धरती पर हरियाली बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया।

मिसरास पट्टी के थान गांव में विधायक सहदेव पुंडीर ने ग्रामीणों और वन कर्मियों के साथ मिलकर बरगद, पीपल, पिलखन, कचनार, रीठा, आंवला, जामुन, हरड़, तेजपात, बांस आदि के पौधे रोपे। विधायक ने कहा उत्तराखंड का हरेला पर्व प्रकृति से स्नेह और इसी में रचने बसने की प्रवृति वाला पर्व है।

# स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित



अल्मोड़ा। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सुनीता सन सिटी होटल सभागार में रविवार को क्रांति तीर्थ संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. एनडी कांडपाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ ठाकुर ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में स्वतंत्रता सेनानियों ने अलग–अलग धाराओं के साथ जुड़कर आंदोलन को क्रमबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया। विशेष अतिथि सांसद अजय टम्टा ने स्थानीय स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए अल्मोड़ा एवं उत्तराखंड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को उद्घाटित किया। इस अवसर पर जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों कमलेश पांडे, कैलाश वर्मा, विनोद शर्मा, राधा तिवारी, बद्री दत्त पांडे, तारा चंद्र शाह, भरत पांडे, पुष्कर प्रसाद, गोविंद लाल वर्मा, भगवती नेगी को शॉल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संचालन करते हुए डॉ. चन्द्र प्रकाश फुलोरिया ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों में भी पर्वतीय क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के आंदोलन में बढ़–चढ़कर भागीदारी की। संगोष्ठी के अध्यक्ष एसएसजे विवि के कुलपति प्रो जेएस बिष्ट ने अतिथियों एवं आयोजक मंडल के आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, रघुनाथ सिंह चौहान, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ललित लटवाल, प्रो प्रवीण सिंह बिष्ट, प्रो शेखर जोशी, इन्द्र मोहन, जगदीश, विनोद प्रजापति, राजेंद्र जोशी, गिरजा किशोर पाठक, मोहन रावल, बद्री विशाल अग्रवाल, संजय गुप्ता, सुरेश कांडपाल, विद्या भारती के संभाग निरीक्षक आलम सिंह उनियाल आदि मौजूद रहे।

## पॉलीथिन का उपयोग करने पर चार दुकानदारों पर जुर्माना

बागेश्वर। नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक फिर चलन में आ गया है। जबकि इस पर रोक है। नगर पालिका ने शनिवार को अभियान चलाया। टीम ने चार दुकानदारों पर कार्रवाई की और जुर्माना लगाया। उन्हें चेतावनी दी यदि वह नहीं माने तो बड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध है। बावजूद दुकानों पर यह जमकर बिक रहा है। नगर पालिका टीम दुकानों पर पहुंची। दुकानदारों की काउंसिलिंग की गई। उन्हें बताया गया कि पॉलीथिन से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। कैंसर जैसी बीमारी हो रही है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। मवेशियों के लिए भी हानिकारक है। पानी को भी जहर बना रहा है। जिससे पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की योजना का पलीता लग रहा है। नगर की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापे में चार व्यापारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक के बैग, गिलाश आदि बरामद हुए।

# बागेश्वर—टनकपुर रेल मार्ग को लेकर समिति मुखर




बागेश्वर। बागेश्वर–टनकपुर रेल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति ने तहसील में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेल लाइन का निर्माण अधर में लटका हुआ है। अंग्रेजी हुकुमत से लेकर अभी तक सर्वे के अलावा और कुछ नहीं हो सका है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल बजट मंजूर करने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रेल आने से ही जिले का विकास होगा। पर्यटन से लेकर अन्य गतिविधियां बढ़ेगी। क्षेत्र का विकास होगा। रविवार को रेल लाइन संघर्ष समिति के अध्यक्ष नीमा दफौटी के नेतृत्व में लोग तहसील परिसर में एकत्र हुए। उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा टनकपुर–बागेश्वर रेल मार्ग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अंग्रेजी हुकुमत से लेकर आज तक मार्ग की सात बार सर्वे हो चुका है। 1882 में सबसे पहले इस मार्ग की सर्वे हुआ। इसके बाद 1912, 1980, 2006, 08, 09 तथा 2012 में सर्वे हो चुका है। इसके अलावा इस मांग को केंद्र सरकार ने पहले ही राष्ट्रीय प्रोजक्ट में भी शामिल कर दिया है। अब बजट स्वीकृत कर मार्ग निर्माण शुरू करना चाहिए। रेल आने से ही जिले का विकास होगा। पर्यटन से लेकर अन्य गतिविधियां बढ़ेगी। क्षेत्र का विकास होगा।

# हरेला पर्व के अवसर पर साइंस सेंटर के परिसर में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



अल्मोड़ा। हरेला पर्व के अवसर पर आज स्यालीधार स्थित साइंस सेंटर के परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर जिलाधिकारी विनीत तोमर, विधायक मनोज तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह, ध्रुव सिंह मतोलिया समेत अन्य अधिकारियों एवं संस्थाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी विनीत तोमर ने समस्त जनपदवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हरेला प्रकृति संरक्षण का त्योहार है।

इसलिए सभी लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण एवं जल संरक्षण तथा जल संचय में अपनी अपनी भागीदारी देनी चाहिए।

## प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर विद्यार्थियों को किया गया जागरुक

अल्मोड़ा। उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला को लेकर शनिवार को राजकीय महाविद्यालय भतरौजखान में प्राचार्य प्रो सीमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तथा डॉ केतकी तारा कुमैय्यां के नेतृत्व में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान उत्तराखंडी परंपरा तथा प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन विषय को लेकर विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। इसी क्रम में मातृशक्ति को समर्पित पवित्र श्रावण माह के मद्देनजर विजेताओं को प्राचार्य द्वारा चुनरियों से सम्मानित किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में भावना, नेहा तथा अंजलि क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ केतकी ने किया। कार्यक्रम में डॉ पूनम, डॉ रुपा, रवीन्द्र, शुभम, सुनील, भूपेंद्र, समेत अरुण, गिरीश, रोहित व जगदीश शामिल रहे।

# अपनी धरोहर संस्था ने विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक योगदान करने वालों को किया सम्मानित



अल्मोड़ा। उत्तराखण्ड के ऐतिहासिक पर्व हरेला के पूर्व दिवस पर रविवार को उत्तराखंड की संस्कृति संवर्धन को समर्पित संस्था अपनी धरोहर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य करने वाले विभूतियों को सम्मानित किया एवं तहसील परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। नगर पंचायत सभागार में आयोजित सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि महिला आयोग उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का आभार जताया।

पूर्व विधायक महेश नेगी ने सम्मानित विभूतियों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने की अपील की। यहाँ कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति, लोकगायकी, कृषि, पर्यावरण, काष्ठ शिल्प आदि विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाली स्थानीय विभूतियों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पिरुल आर्टिस्ट मंजू साह, प्रधान रेखा बिष्ट, महिला एकता परिषद की मधुबाला काण्डपाल, काष्ठ शिल्पी राधेश्याम, भवानी राम, रतनराम, जे पी तिवारी, पवन तिवारी, कमलेश वाल्मीकि, तुषार मठपाल, मेघा साह, महेश गिरी आदि शामिल हैं। जिला संयोजक संजय मठपाल की अध्यक्षता एवं भूपेंद्र कांडपाल के संचालन में हुए समारोह में ब्लॉक प्रमुख दीपक किरौला, धीरेन्द्र मठपाल, कैलाश भट्ट, रेखा मेहरा, ममता भट्ट, चंदू उपाध्याय, अंजू बिष्ट, बीना चौधरी, वीरेंद्र बजेठा, मनोज अधिकारी, निखिल उपाध्याय, ललित बिष्ट, पंकज आर्या, बॉबी किरौला आदि मौजूद थे।

# लोकपर्व हरेला के उपलक्ष्य में सुमित्रा नंदन पंत पार्क में हुआ वृक्षारोपण




अल्मोड़ा। अपनी धरोहर संस्था उत्तराखंड द्वारा अल्मोड़ा नगर में स्थित सुमित्रा नन्दन पंत पार्क नगरपालिका में स्थानीय लोकपर्व हरेला की पूर्व संध्या पर साफ – सफाई एवं वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अवकाश प्राप्त डॉ जे.सी.दुर्गापाल जी द्वारा किया गया। संस्था ने विगत वर्षों में लगाए गए पौधों एवं वृक्षों को सिंचित कर खरपतवार की सफाई की। पार्क में अव्यवस्थित प्लास्टिक एवं कूड़े को भी एक स्थान पर एकत्रित किया तथा सफाई कर्मचारी के सहयोग से उसका निस्तारण किया। संस्था के सदस्यों ने वृक्ष एवं पर्यावरण से जुड़े लोक गीत भी गाए। उक्त कार्यक्रम अपनी धरोहर की महिला शाखा जनपद संयोजक राधा तिवारी एवं नगर संयोजक हेमा कांडपाल के दिशा निर्देशन में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता, लीला बोरा, प्रसिद्ध लोक गायिका लता पाण्डेय, समाजसेवी सुरेश कांडपाल, भास्करानंद कांडपाल, संजय वर्मा टैनी, प्रमोद लोहनी, राजेश काण्डपाल एवं अपनी धरोहर संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष रंगकर्मी मन मोहन चौधरी सहित नगर के कलाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनुअल पार्टनर्स मीट का हुआ श्री बाबा हैड़ाखान हॉस्पिटल में आयोजन

अल्मोड़ा। श्री बाबा हैड़ाखान हॉस्पिटल चिलियानौला रानीखेत (डा०श्राफ चैरिटी आई अस्पताल दिल्ली द्वारा संचालित) में एक पहल के साथ एनुअल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें 40 विजन सेंटर कैंप के सहयोगी, समाज सेवी, संस्थाओं और जिले के अलगझ्अलग पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने भी प्रतिभाग किया। जिसमें हैड़ाखान ट्रस्ट द्वारा अस्पताल व समुदाय में दी जाने वाली आंखों के सुविधाओं के बारे में बताया गया। अस्पताल द्वारा विजन सेंटरों साप्ताहिक क्लीनिकों के माध्यम से हर हफ्ते 9 जगह भिकियासैंण, कुवाली, द्वाराहाट, चौखुटिया, गैरसैंण, सोमेश्वर, गरुड़, खैरना, देघाट में मशीनों के साथ लोगों की जांचे करते हैं ।

# गरुड़ में दो—दो योजनायें होने के बाद भी लोग प्यासे



बागेश्वर। दो–दो पेयजल योजनाओं के बाद भी गरुड़ के लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। गरुड़, टीट बाजार, स्याल्देटीट, भकुनखोला के लोग पानी के लिए बेहाल हैं। गरुड़ में बृहद और देवनाई गरुड़ दो पेयजल योजना होने के बाद भी पानी का संकट बना हुआ है। 400 से अधिक परिवार एक हैंडपंप के सहारे हैं।

गरुड़ टीट बाजार, स्याल्देटीट, भकुनखोला के लोगों को 17 करोड़ की लागत से बनी गरुड़ बृहद पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हर घर जल, हर घर नल के तहत लगे नल शोपीस बने हैं। मनोज जोशी ने बताया कि कुछ समय तक गरुड़ बृहद पेयजल योजना में पानी आया, लेकिन अब पानी आना बंद हो गया है।

मनोज गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी, उमा शंकर भाकुनी, कैलाश सिंह ने कहा कि विभाग को सूचित करने के बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हो रही है। जल निगम की जेई अंजलि नेगी ने बताया की पानी नहीं आने की सूचना मिली है। जल्द ही पानी की समस्या दूर की जाएगी।

# रेडक्रॉस सोसाइटी ने जरूरतमंद महिला को उपलब्ध कराया जरूरी सामान

अल्मोड़ा। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा स्यालीधार के समीप एक महिला के मकान के गिर जाने के बाद प्राथमिक सहायता के रुप में जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष विनीत बिष्ट ने बताया कि स्यालीधार में एक मकान गिरने से उसमें रहने वाली एक महिला और उसके दो बच्चे बेघर होने की सूचना मिली।

जिसके बाद रेडक्रॉस सोसाइटी की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जरूरी सामान उपलब्ध कराया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज सनवाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना ही इस प्रकार के कार्यों के लिए की गई है। जिससे जरूरतमंद लोगों पर सहायता पहुंचाई जा सके उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है वह जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करेगी रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष विनीत बिष्ट ने कहा कि जरूरतमंदों तक पहुंचने का प्रयास और उन्हें प्राथमिक सहायता पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है और रेड क्रॉस सोसाइटी इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभा रही हैं। क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष आशीष वर्मा, दीवान सिंह बिष्ट, आनंद सिंह बगड़वाल, मनोहर सिंह नेगी डॉ जेसी दुर्गापाल, हितेश नेगी, मन्नू रावत, लाल सिंह लटवाल, आदि लोग मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद में युवक ने खुद को चाकू मारा

हल्द्वानी। एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद खुद के पेट में चाकू मार लिया। अस्पताल से युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। ग्राम पूछड़ी निवासी ओमपाल अपने परिवार के साथ रहता है।

## अराजक तत्वों ने तोड़ा सेल्फी प्वाइंट

बागेश्वर। सरयू नदी पर नए पुल में पालिका ने सेल्फी प्वाइंट बनाया है। अराजक तत्वों ने उसे क्षतिग्रस्त कर दिया है। गेट पर लगी एक घंटी भी गायब है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बागनाथ मंदिर और नुमाइशखेत मैदान को जोड़ने वाले पुल पर सेल्फी प्वाइंट है। जिसमें आइ लव यू बागेश्वर लिखा है। दिल के आकार को अराजक तत्वों ने बिगाड़ने की कोशिश की है। जबकि मुख्यद्वार पर लगी तीन घंटियों में एक घंटी भी गायब हो गई है।

# आबकारी टीम ने पकड़ी 20 पेटी की अवैध शराब, तस्कर फरार



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में आबकारी टीम को बड़ी सफलता मिली है। रविवार तड़के आबकारी टीम ने दबिश देकर एक प्राइवेट नम्बर की अल्टो कार से 20 पेटी गुलाब रंगीन मसालेदार शराब पकड़ी है। वहीं आरोपी चालक, टीम को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आबकारी विभाग की टीम को मुखबिर के माध्यम से अवैध शराब की तस्करी करने की सूचना मिली। रविवार तड़के करीब 4 बजे आबकारी टीम ने पेटशाल से अल्मोडा की ओर आ रही एक नीले रंग की अल्टो कार संख्या वङ 01ऊ 0442 को पेटशाल हास्पिटल के सामने रुकने का इशारा किया। लेकिन चालक द्वारा वाहन न रोककर तेज गति से भागने का प्रयास किया और एक मोड़ आगे चाबी सहित कार को खड़ी कर मौके पहाड़ी की ओर भाग गया।

# महानंदा सर्वदलीय महिला समिति ने वृहद स्तर पर किया वृक्षारोपण



अल्मोड़ा। महानंदा सर्वदलीय महिला समिति के द्वारा आज रामकृष्ण परमहंस कुटीर में वृक्षारोपण किया गया जिसमें अमरूद, सेब, अनार, जिरेनियम, गुलाब, गुड़हल आदि पौधों का रोपण किया गया। विदित हो कि महानंदा सर्वदलीय महिला समिति लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहती है। कुमाऊंनी संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए भी संस्था द्वारा लगातार समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता आ रहा है। इसके अतिरिक्त संस्था की उपाध्यक्ष गीता मेहरा जरूरतमंदों एवं निर्धनों की मदद के लिए हमेशा अग्रणी पंक्ति में खड़ी रहने के लिए भी जानी जाती है। अपनी व्यक्तिगत सामर्थ्य से उनके द्वारा कोरोनाकाल में फलसीमा गांव सहित नगर क्षेत्र में भी हजारों की संख्या में सेनेटाइजर एवं मास्क वितरित किये गये थे। साथ ही बड़ी संख्या में राशन वितरण भी किया गया था। इस अवसर पर श्रीमती गीता मेहरा ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। हम सभी को समय समय पर वृक्षारोपण करते रहना चाहिए एवं उन वृक्षों की देखभाल भी करनी चाहिए। वृक्षारोपण में संस्था की अध्यक्ष मीना भैसोडा, सचिव गीता मेहरा, उपाध्यक्ष भगवती बिष्ट, राधा राजपूत, लकी वर्मा, गंगा पांडे, निर्मला जोशी, तारा भंडारी, शोभा नगरकोटी आदि संस्था की सभी सदस्य उपस्थित थी।

## सीबीएसई की कंपार्टमेंट परीक्षाएं सोमवार से

हल्द्वानी। सीबीएसई की कंपार्टमेंट परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। हाईस्कूल की मैथमेटिक्स स्टैंडर्ड, मैथमेटिक्स बेसिक विषय की परीक्षा सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कराई जाएगी। वहीं, 12वीं के हिन्दी, संस्कृत, हिस्ट्री, मैथमेटिक्स समेत सभी विषयों की परीक्षा भी इसी समय पर होगी। सीबीएसई की सिटी को–ऑर्डिनेटर मंजू जोशी ने बताया कि यूनिवर्सल कॉन्वेंट, निर्मला कॉन्वेंट, सेंट थैरेसा, इंस्पिरेशन और लेक्स इंटरनेशनल स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# शिक्षा संकाय में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में बीएड एवं एमएड प्रशिक्षुओं ने वृहद पौधारोपण अभियान चलाया। जिसमें चौड़ी–पत्ती वाले पेड़–पौधों, बॉज, बुरॉश, देवदार, उतीस, भीमल आदि छायादार पौधे रोपे गए। शिक्षासंकाय की डीन प्रो भीमा मनराल ने परिसर और विभाग को हरा भरा साफ सुथरा बनाने का संकल्प भी प्रशिक्षुओं को दिलाया।

शनिवार को एसएसजे परिसर के शिक्षा संकाय के आस–पास सफाई अभियान भी चलाया गया। जिसके तहत छात्र–छात्राओं ने कटिली, झाड़ियां एवं निष्प्रयोज्य सामाग्री जैसे प्लॉस्टिक की बोतलें, प्लाटिक बैग आदि अपशिष्ट पदार्थों को साफ किया गया। परिसर में प्री–पीएचडी के छात्र–छात्राओं को लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय के पूर्व डीन प्रो एसएन सिंह, अंबेडकर विश्वविद्यालय प्रो हरि शंकर सिंह की ओर से शोध कायो के महत्व को समझाते हुए शोध कायो पर बारिकी से व्याख्यान दिया गया।बताया गया कि शोध किस प्रकार समाज को लाभ प्रदान कर सकता है।इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो भीमा मनराल, डॉ संगीता पवार, डॉ नीलम कुमारी, डॉ ममता असवाल, डॉ भास्कर चौधरी, डॉ देवेंद्र सिंह बिष्ट, डॉ अंकिता कश्यप, डॉ पूजा प्रकाश, डॉ ममता कांडपाल, डॉ देवेंद्र चम्याल, डॉ सरोज, मनदीप कुमार टम्टा एवं संकाय के समस्त बीएड, एमएड एवं पीएचडी प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# हरेला पर्व पर रोपे विभिन्न प्रजाति के 300 पौधे




रुद्रप्रयाग। जनपद में हरेला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वन विभाग के सहयोग से जवाड़ी–दरमोला–रौठिया–घेंघड मार्ग में जनपद स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के 300 पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, जिलापंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने सभी को लोक पर्व हरेला की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु ने कहा कि जनपद में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम में जवाड़ी एवं दरमोला महिला मंगल दल की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत एवं नुक्कट नाटक, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जबकि कवि जगदंबा चमोला, ओमप्रकाश सेमवाल एवं पुरूषोत्तम भट्ट द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कविता पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कलश के संयोजक ओमप्रकाश सेमवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, ब्लॉक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य भारत भूषण भट्ट, प्रधान ग्राम जवाड़ी पार्वती नौटियाल, दरमोला संत लाल, जिला विकास अधिकारी अनिता पंवार, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी शरत सिंह भंडारी, जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी जखोली दिनेश मैठाणी, सूचना अधिकारी रती लाल शाह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, महिला मंगल दल, क्षेत्रीय जनप्रतिधि, स्थनीय जनता एवं छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

### हेरिटेज वॉक के तहत गोपीनाथ मंदिर का अवलोकन किया

चमोली। पर्यटन विकास परिषद तथा गढ़वाल विवि के पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गोपेश्वर में आयोजित की गई हेरिटेज वॉक के तहत युवाओं ने गोपेश्वर स्थित गोपीनाथ मंदिर का अवलोकन किया। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के पर्यटन विभाग द्वारा रविवार को चमोली जनपद के युवाओं के लिए आयोजित दस दिवसीय टूरिस्ट डेस्टिनेशन गाइड कोर्स के अंतर्गत मंदिर मार्ग, गोपीनाथ मंदिर, बैतरणी कुंड, प्राचीन बदरी केदार पुरातन मार्ग में एक हेरिटेज वॉक के साथ ही स्पॉट टीचिंग का विशेष सत्र आयोजित किया गया। गोपीनाथ मंदिर प्रांगण में डॉ. अरविंद भट्ट द्वारा गोपीनाथ मंदिर के ऐतिहासिक,धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर स्पॉट टीचिंग की गई। जिम्मेदार पर्यटन के अंतर्गत सैर सलीका अभियान की जानकारियां डॉक्टर सर्वेश उनियाल द्वारा साझा की गई। हेरिटेज वॉक का नेतृत्व भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय से लाइसेंस धारक गाइड जगदीश चमोला ने किया। कार्यक्रम के संचालन राकेश कोठारी ने किया।

# मनणा माई लोकजात यात्रा 21 जुलाई से शुरू होगी



रुद्रप्रयाग। रांसी स्थित मां राकेश्वर मंदिर से प्रसिद्ध मनणी माई लोकजात यात्रा का 21 जुलाई को शुभारंभ होगा। इसके लिए मद्महेश्वर घाटी के राकेश्वरी मंदिर रांसी सहित आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां शुरू हो गई है। यह यात्रा रांसी से मनणा माई धाम तक कुल 32 किमी का पैदल सफर तय करेगी।

हर साल सावन माह के प्रथम सप्ताह में शुरू होने वाली मनणामाई की लोकजात रांसी से 32 किमी की लंबी उत्तर दिशा की ओर मनणी बुग्याल तक जाती है। इस बार लोकजात का दिन 21 जुलाई को तय हुआ है। पहले दिन मनणी की भोगमूर्ति के साथ स्थानीय लोग रांसी गांव से यात्रा प्रारम्भ पहले पड़ाव थोली बुग्याल पहुंचेगी। 22 जुलाई से थौली से मनणी नदी को पैदल पार करते हुए अपने धाम मनणी बुग्याल पहुंचेगी। 23 जुलाई को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में मां की भोगमूर्ति को पूजा अनुष्ठान के मंदिर में स्थापित किया जाता है। भव्य पूजा–अर्चना के बाद देवी की मूर्ति को ब्रह्म कमलों तथा अन्य पुष्पों से ढका जाएगा। इसी दिन लोकजात रात्रि विश्राम के लिए वापस थौली पहुंचेगी। 24 जुलाई को यात्रा सनियारा बुग्याल पहुंचेगी। 25 जुलाई को रांसी गांव के राकेश्वरी देवी मंदिर में लोकजात का समापन होगा। रांसी मंदिर के पुजारी वीपी भटट ने बताया कि मनणीमाई लोकजात को लेकर 21 जुलाई की तिथि तय की गई है। सुबह पांच बजे मां की भोगमूर्तियों को पूजा अर्चना के बाद डोली सजाया जाएगा। जिसके बाद लोकजात यात्रा मनणी को रवाना होगी। मनणी में मां की विशेष पूजा अर्चना के बाद यात्रा वापस लौटेगी।

# जगन्नाथ मंदिर के कायाकल्प को ठोस कार्ययोजना बनाएंगे

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला रविवार को साल्ड गांव स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने कहा कि साल्ड गांव स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाएंगे। इधर, ओड़िया अभिनेता सब्यसाची मिश्रा ने डीएम से फोन पर बातचीत कर मंदिर के विकास के प्रयासों की सराहना की। रविवार को डीएम ने मंदिर में पूजा–अर्चना करने के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर के पुजारियों के साथ मंदिर परिसर के विकास एवं सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में विचार–विमर्श किया। कहा कि भगवान जगन्नाथ का उत्तराखण्ड स्थित यह अनूठा मंदिर हाल के दिनों में राष्ट्रीय परिदृश्य में व्यापक रूप से चर्चित हुआ है। जिसके चलते इस मंदिर में श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ने की पूरी उम्मीद है। लिहाजा जगन्नाथ मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और यहां पर श्रद्धालुओं हेतु विभिन्न सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर तात्कालिक एवं दीर्घकालीन महत्व के कार्यों को चरणबद्ध ढंग से संपादित किया जाएगा। रूहेला ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं अन्य सुविधाओं को विकास हेतु पर्यटन विकास विभाग एवं ग्रामीण निर्माण विभाग को तात्कालिक महत्व के कार्य अविलंब प्रारंभ करने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि सिंचाई विभाग के माध्यम से मंदिर परिसर की सुरक्षा दीवार का निर्माण जल्द करवाया दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा मंदिर परिसर में हाल ही में कुछ सोलर लाइट स्थापित करवाई गई हैं, जरूरत पड़ने पर और लाइट स्थापित की जाएंगी।

# नौ पेटी अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग। पुलिस ने जिले में नौ पेटी अवैध शराब के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। यात्रा सीजन में अब तक पुलिस ने करीब साढ़े आठ लाख रुपये मूल्य की 1304 बोतल शराब की बरामद कर दी है। जनपद पुलिस शराब तस्करी को रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है। प्रभारी निरीक्षक अगस्त्यमुनि सदानंद पोखरियाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक वैगनार कार से 9 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने करण सिंह निवासी ग्राम सिलवाड़ी जखोली एवं सूरवीर सिंह, निवासी घंघासू बसुकेदार को गिरफ्तार उनके विरुद्ध थाना अगस्त्यमुनि में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। शराब परिवहन वाहन को सीज किया गया। यात्रा काल में अब तक जनपद पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कुल 38 मुकदमों में 60 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लगभग साढे 8 लाख की 1304 बोतल शराब की बरामदगी की। एसएचओ पोखिरयाल ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब एवं नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध धरपकड़ अभियान निरन्तर जारी है।

# बारिश से बंद सड़कें तत्काल खोलें: डीएम

उत्तरकाशी। डीएम अभिषेक रूहेला ने जिले में बीते दिनों हुई भारी बारिश से अवरुद्ध सड़कों को तत्काल खोलने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बीआरओ तथा राज्य सरकार के संगठनों को संसाधनों को एक–दूसरे के साथ साझा करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

इससे बंद सड़कों को जल्द खोला जा सकेगा। सभी पुलों की जांच कर आवश्यक सुरक्षा एवं मरम्मत कार्य समय पर पूरा करने को कहा।

जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने बीआरओ, प्रशासन, लोनिवि तथा नगर निकायों के अधिकारियों को सड़कों एवं विभन्न नगरीय क्षेत्रों में जलभराव से निपटने को कहा। भूस्खलन से बंद सड़कों को खोले जाने पर जोर दिया। बीआरओ के अधिकारियों के बताया कि उसके अधीनस्थ राजमार्ग में तीन ऐसे कलवर्ट हैं जिनके जल निकास से आवासीय क्षेत्रों में भूमि कटाव हो रहा है, जिसके कारण लोगों के द्वारा इन्हें बंद करने का प्रयास किया जाता रहा है।

डीएम ने इन कलवर्ट से निकलने वाली पानी को नदी तट तक टैप करने का प्रस्ताव तैयार करने की हिदायत देते हुए कहा कि सड़कों के नारदानों की निरंतर सफाई और मरम्मत करें, जिससे सड़कों पर जल जमाव न हो। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के अंतर्गत जलभराव के चिन्हित मामलों का अविलंब निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एक सप्ताह में वे पुनः इसका फालोअप देखेंगे।

उपजिलाधिकारियों को भवनों, पशुओं और खेतों जैसी व्यक्तिगत परिसंपत्तियों के नुकसान के मामलों की निरंतर समीक्षा कर प्रभावितों को समय से राहत उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में एडीएम तीर्थपाल सिंह, एसडीएम चतर सिंह चौहान, एसडीएम मीनाक्षी पटवाल, देवेन्द्र कुमार, देवानन्द, बीआरओ के कमांडर विवेक श्रीवास्तव, ओसी मेजर नमन नरूला, ले. कर्नल बीनू बीएस., लोनिवि के ईई डीएस ह्यांकी, ईई रजनीश कुमार, ईई पीएमजीएसवाई आशीष भट्ट थे।

# जनहित कार्य करने में पूरी तरह फेल रही भाजपा सरकार: माहरा

ऋषिकेश। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर कार्य करने में पूरी तरह से फैल रही है। भाजपा राज में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी बढ़ी है। रविवार को पौड़ी जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा का ढालवाला में कांग्रेसियों ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि सोमवार को संसदीय सीट पौड़ी से स्वाभिमान न्याय यात्रा का शुभारंभ होगा। जिसके लिए वे पौड़ी जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में देश की जनता त्रस्त है। उत्तराखंड व देश में बहु–बेटियां सुरक्षित नहीं है। सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड में दोषियों को बचाने का कार्य कर रही है। भाजपा की केंद्र सरकार ने अग्निवीर जैसी योजना लाकर सेना में जाने वाले युवाओं के सपने को तोड़ दिया है। जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि केदारनाथ में 230 किलो सोना चोरी कर सिर्फ 23 किलो रह गया और कई कुंतल चांदी मंदिर से चोरी हो गई। यह भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा है। जोशीमठ आपदा की स्थिति पूरी दुनिया के सामने हैं। जोशीमठ आपदा से निपटने के लिए भाजपा सरकार द्वारा आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उत्तराखंडियत को बचाने के लिए उत्तराखंड के स्वाभिमान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा वरिष्ठ नेता मनीष खंडूरी के संयोजन में स्वाभिमान न्याय यात्रा निकाली जा रही है। इस मौके पर अभिषेक भट्ट, महावीर खरोला, दिनेश सकलानी, दिनेश भट्ट, अजय रमोला, विनोद सकलानी, सुरेंद्र भंडारी, सुरेंद्र रमोला, शिवम भट्ट, सर्वेंद्र कंडियाल, अमित तड़ियाल, प्रमिला विजल्वाण, अनीता कोटियाल आदि उपस्थित रहे।

### तपोवन में बरसाती नाले से अतिक्रमण हटाया

ऋषिकेश। नदी–नालों की घेरबाड़ करने वालों पर प्रशासन का डंडा चला है। तपोवन में प्रशासन की टीम ने बरसाती नाले में कब्जे की नीयत से बनी झोपड़ियों को हटा दिया। दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। कार्रवाई के दौरान झोपड़ी में रहने वाले लोगों में हड़कंप की स्थिति नजर आई। तहसीलदार पितांबर दत्त रावत की अगुवाई में रविवार को प्रशसान की टीम पुलिस फोर्स के साथ तपोवन पहुंची। यहां टी–प्वाइंट पर पार्किंग के नजदीक बरसाती नाले पर टीम के पहुंचते ही झोपड़ियों में बसे लोगों में अफरा–तफरी फैल गई। कार्रवाई के दौरान नाले में 20 झोपड़ियों को ध्वस्त किया गया। झोपड़ियों को हटाने के दौरान कई लोग अधिकारियों से मोहलत देने की गुहार लगाते नजर आए। हालांकि, पुलिस बल की मौजूदगी में उनकी एक नहीं चली। बरसात होने के चलते सभी को प्रशासन ने सुरक्षित स्थान पर भेज दिया।

# रायवाला छावनी में घुसने का प्रयास करता संदिग्ध गिरफ्तार

ऋषिकेश। रिटायर्ड मेजर बताकर आर्मी की रायवाला छावनी में घुसने का प्रयास कर रहे एक संदिग्ध को मिलिट्री इंटेलिजेंस देहरादून और 6 माउंटेन आर्टी ब्रिगेड क्यूआरटी टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से फर्जी लिकर कार्ड और आर्मी हैट भी बरामद की है। पूछताछ में पता चला कि वह फर्जीवाड़ा कर छावनी में दाखिल होने का प्रयास कर रहा था। युवक और उसकी कार को सेना के अधिकारियों ने पुलिस के सुपुर्द किया। शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया है।

रायवाला पुलिस के मुताबिक आर्टी माउंटेन ब्रिगेड के नायब सूबेदार मुनिरतनम अनबांसरन ने शिकायत देकर बताया कि शनिवार को एक कार सवार युवक ने छावनी में घुसने का प्रयास किया। आरोप है कि पूछताछ के लिए रोका गया, तो युवक ने खुद को आर्मी से रिटायर्ड मेजर बताया। पहचान राहुल कुमार पुत्र सहदेव सिंह, निवासी ग्राम व पोस्ट भैसवाला, शामली, यूपी के रूप में कराई। शक होने पर पड़ताल में राहुल कुमार रिटायर्ड मेजर होने के प्रमाण नहीं मिले। तत्काल छावनी की सुरक्षा में तैनात जवानों ने उसे हिरासत में लिया। पुलिस को सूचित कर राहुल और उसकी कार को सुपुर्द कर दिया। नामजद तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 170 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी राहुल से पूछताछ में जुटी है, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# दिल्ली के लिए चलने लगी रोडवेज की वॉल्वो बसें

ऋषिकेश। मेरठ–दिल्ली के लिये रोडवेज की वॉल्वो बसों का संचालन शुरू हो गया है। बीते 12 दिनों से कांवड़ यात्रा के चलते वॉल्वो बसों का संचालन बंद रहा। जबकि रोडवेज की सामान्य बसें देहरादून होकर दिल्ली रूट पर संचालित हो रही थी। रविवार से दिल्ली रूट पर वॉल्वो चलने से यात्रियों को राहत मिली है।

ऋषिकेश रोडवेज डिपो से 35 बसों का संचालन दिल्ली रूट पर किया जाता है। जिसमें पांच वॉल्वो बसें भी शामिल है। लेकिन कांवड़ यात्रा के दौरान मात्र पांच सामान्य बसें ही दिल्ली रूट पर संचालित हो पा रही थी। दूरी और किराया बढ़ने से सवारियां भी नहीं मिल रही थी। रविवार से दिल्ली समेत दूसरे बंद रूटों पर रोडवेज ने बस सेवाएं संचालित कर दी है। रविवार को एसी और वॉल्वो बसें दिल्ली रूट पर भेजी गई।

एजीएम रोडवेज पीके भारती ने बताया कि दिल्ली रूट पर यातायात सामान्य होने से सभी प्रकार की बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। अब सवारियां भी मिलने लगी है। कांवड़ के चलते बीते 12 दिनों से यातायात प्रभावित रहा।

### बाइक चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

ऋषिकेश। रानीपोखरी में हाट बाजार से बाइक चोरी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की बाइक भी बरामद की है। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष उत्तम रमोला ने बताया कि आशीष पुत्र धर्मवीर पंवार निवासी घमंडपुर, रानीपोखरी ने शिकायत देकर बताया कि वह रानीपोखरी में हाट बाजार गया था। बाजार के पास ही बाइक खड़ी की थी, लेकिन वापस लौटने पर नहीं मिली। आरोप लगाया कि अरविंद नामक युवक ने बाइक चोरी कर ली।




# सपा में बीजेपी की सेंधमारी से अखिलेश को झटका

## बेंगलुरु में बैठक से पहले के तीन दिन सबसे महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जिन नेताओं और उनके जातिगत समीकरणों की बदौलत 2024 में 80 सीटों का दावा कर रहे थे, उसका आधार कमजोर होने लगा है। भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी की इस मजबूत तैयारी में सेंधमारी करते हुए जिस तरीके से सियासी बिसात बिछाई उससे फिलहाल समाजवादी पार्टी को अपनी नई रणनीति पर विचार करने को मजबूर कर दिया।

ऐसे में चर्चा तो इस बात की भी हो रही है कि बंगलूरू में होने वाली विपक्षी दलों की अहम बैठक में अगर अखिलेश यादव शिरकत करने जाते हैं तो इस बीच कहीं भाजपा सपा के कुछ और नेताओं को न तोड़ ले जाए। इस सेंधमारी को रोकने की तैयारी में अखिलेश और पार्टी के बड़े नेता जुट गए हैं। जानकारों का कहना है कि अगले तीन दिन उत्तर प्रदेश की सियासत में बहुत महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि 2022 में विधानसभा चुनावों में मजबूत सफलता पाने वाले अखिलेश यादव ने 2024 के लिए बड़ी सियासी जमीन तैयार की। यह सियासी जमीन पिछड़ों अति पिछड़ों और दलितों को जोड़कर तैयार की जा रही थी। अखिलेश यादव 2022 के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता के पीछे गैर यादवों पिछड़ों और अति पिछड़ों की ताकत मानकर चल रहे थे। यही वजह रही कि समाजवादी पार्टी ने अपनी इसी ताकत को और आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ पिछड़े और अतिपिछड़े नेताओं को अपने साथ जोड़ना शुरू किया बल्कि उनके आधार पर माहौल भी बनाना शुरू कर दिया।

राजनीतिक जानकार उपेंद्र चतुर्वेदी कहते हैं कि बीते दो दिनों में जिस तरीके की सियासत उत्तर प्रदेश में बदली है उससे समाजवादी पार्टी का तैयार किया गया पूरा ढांचा लड़खड़ा गया है। इसमें उनके साथ आए सबसे महत्वपूर्ण दल सुभासपा और महान दल जैसे सहयोगियों ने अपना रास्ता बदल दिया। रही सही कसर दारा सिंह चौहान ने इस्तीफा देकर पूरी कर दी। चर्चा हो रही है कि कहीं और बड़े नेता समाजवादी पार्टी से अपनी राहें बदल कर भाजपा की ओर कर सकते हैं। यूपी की सियासत में अगले तीन दिन ऐसे ही सेंधमारी के लिए बड़े महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।



राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जब समूचे देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों को एकजुट किया जा रहा है तो उत्तर प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्यों और सहयोगियों का टूटना बड़ा झटका है। हालांकि समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी कहते हैं कि किसी के जाने से समाजवादी पार्टी जैसी विचारधारा वाली पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

चौधरी कहते हैं कि जिन मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी सियासी मैदान में है उन्हीं मुद्दों को आधार बनाकर आगे चलने वाले और भी कई नेता उनके साथ जुड़ने जा रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक जटाशंकर सिंह का मानना है कि समाजवादी पार्टी को विपक्षी दलों के समूह की बैठकों में उनकी इसी मजबूत ताकत के लिए बुलाया जाता है। अगर यही ताकत समाजवादी पार्टी की कमजोर हो जाएगी तो फिर विपक्षी दलों के समूहों में समाजवादी पार्टी की अहमियत और उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की पार्टी की अपनी सियासी रणनीति कमजोर होगी।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रमुख घटक दलों और उनके बड़े नेताओं में की जाने वाली सेंधमारी को लेकर समाजवादी पार्टी के भीतर बड़ी बैठकों का दौर जारी है। सूत्रों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने सेंधमारी तब की है जब अखिलेश यादव बेंगलुरु में होने वाली बैठकों में शामिल होने की पूरी रणनीति तैयार कर रहे थे।

चर्चा इस बात की भी हो रही है कि भारतीय जनता पार्टी अगले कुछ दिनों में समाजवादी पार्टी के और भी कई बड़े नेताओं को अपने पाले में शामिल कर सकती है। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या अखिलेश यादव बेंगलुरु में होने वाली बैठक में शिरकत करेंगे या लखनऊ में रहकर अपनी पार्टी में नई रणनीति तैयार करेंगे।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी में समाजवादी पार्टी में सेंधमारी की टाइमिंग तभी चुनी जब बेंगलुर में अखिलेश यादव प्रमुख विपक्षी दलों के पीछे बैठकर 2024 में लोकसभा चुनावों के खिलाफ बड़ी रणनीति बनाने की तैयारी में थे। समाजवादी पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि फिलहाल अखिलेश यादव बेंगलुरु में होने वाली बैठक में शामिल तो होंगे लेकिन उनकी नजर उत्तर प्रदेश के सियासी उठापटक पर लगातार बनी रहेगी। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि अखिलेश यादव का बेंगलुरु में ऐसे दौर में रहना जब पार्टी के कुछ नेता और सहयोगी संगठन भाजपा में शामिल हो रहे हैं, यह दर्शाएगा कि वह तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी विपक्षी दलों की एकता को जोड़कर 2024 में भाजपा सरकार को हटाने के लिए साथ चल रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरीके से उत्तर प्रदेश में खासतौर से पूर्वांचल के इलाके में समाजवादी पार्टी के सहयोगी दलों को अपने साथ जोड़ा है उससे उसने निश्चित तौर पर पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों (पीडीए) को मजबूत करने वाली सपा मुहिम को रोकने की ही तैयारी है।

राजनीतिक विश्लेषक जटाशंकर सिंह कहते हैं कि यूपीए के बदले पीडीए की मांग करने वाले अखिलेश यादव ने जब इनसे भी समीकरणों का ताना-बाना बुनना शुरू किया तो भारतीय जनता पार्टी ने उस समीकरण को ही बिगाड़ना शुरू कर दिया जिस नींव पर समाजवादी पार्टी इमारत बुलंद करने जा रही थी। सियासी जानकारों का कहना है दारा सिंह चौहान, सुभासपा के नेता ओपी राजभर समेत और भी कई नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की तैयारी करना है। सूत्रों का कहना है ये ऐसे नेता हैं जो अखिलेश यादव के पीडीए के फार्मूले को मजबूत कर रहे थे।

## फिर रोकी गई अमरनाथ यात्रा, घाटी में लगातार हो रही बारिश के चलते लिया गया फैसला

**जम्मू , एजेंसी ।** भगवान शिव के श्रद्धालुओं के लिए बड़ा खबर है। कश्मीर घाटी में लगातार बारिश हो रही है। इसी को देखते हुए अमरनाथ यात्रा को रोक दिया गया है। इस बीच अमरनाथ यात्रा पर एक महिला की भारी पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई है। महिला पहाड़ से गिरने वाले पत्थर की चपेट में आ गई थी। जम्मू कश्मीर पुलिस के दो जवानों ने उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अमरनाथ यात्रा पर तैनात हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि यह घटना संगम टॉप और निचली गुफा के बीच हुई जब महिला श्रद्धालु अपने कठिन इलाके के लिए मशहूर पवित्र गुफा की ओर पैदल यात्रा कर रही थी। पुलिस ने कहा कि महिला को बचाने की कोशिश करने वाले जम्मू-कश्मीर पुलिस की माउंटेन रेस्क्यू टीम के दो सदस्य घायल भी हो गए जिनकी पहचान मोहम्मद सलेम और मोहम्मद यासीन के रूप में हुई है। घटना के बाद घायल पुलिसकर्मियों को यात्रा ड्यूटी पर तैनात सेना और निजी हेलीकॉप्टर से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि सूचना पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने महिला यात्री की मौत पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति भी व्यक्त की। डीजीपी ने दो पुलिसकर्मियों की प्रतिबद्धता की सराहना की और त्वरित निकासी में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## हालत बिगड़ने पर बीजेपी सांसद प्रवीण निषाद को एयरलिफ्ट कर एम्स दिल्ली ले जाया गया

**लखनऊएजेंसी ।** संत कबीर नगर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद प्रवीण निषाद की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें एयरलिफ्ट करके एम्स दिल्ली ले जाया गया है।

निषाद पार्टी के प्रमुख और यूपी के मंत्री संजय निषाद के बेटे प्रवीण को पेट दर्द की शिकायत के बाद शुक्रवार रात गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गोरखपुर में स्थानीय भाजपा नेताओं के अनुसार, 34 वर्षीय प्रवीण की हालत बिगड़ने पर शनिवार शाम को उन्हें गोरखपुर हवाई अड्डे से एम्स नई दिल्ली ले जाया गया।

डॉक्टरों के मुताबिक, सांसद पैंक्रियाटाइटिस (अग्न्याशय में सूजन) से पीड़ित हैं। उन्हें पहले भी इसी तरह की परेशानियों के कारण लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सांसद के प्रतिनिधि राजीव निषाद ने बताया कि प्रवीण की हालत स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है. प्रवीण ने 2018 के उपचुनाव में सपा के टिकट पर गोरखपुर लोकसभा सीट जीतकर प्रसिद्धि हासिल की थी। 2019 में, वह भाजपा में चले गए और पड़ोसी सीट से चुनाव लड़ा।

## चक्कर आने के बाद इजरायली पीएम अस्पताल में भर्ती

**जेरूसलम एजेंसी ,।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को चक्कर आने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी।

उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि 73 वर्षीय नेतन्याहू अच्छी स्थिति में हैं और उनकी चिकित्सा जांच की जा रही है।

तेल अवीव के बाहर शीबा मेडिकल सेंटर में भर्ती नेतन्याहू के स्वास्थ्य के संबंध में प्रधान मंत्री कार्यालय ने एक संयुक्त बयान में कहा, समस्या का प्रारंभिक कारण निर्जलीकरण है। इजराइली मीडिया ने चिकित्सा केंद्र और उनके कार्यालय के हवाले से बताया कि नेतन्याहू ने उत्तरी इज़राइल में गैलिली सागर में गर्मी में कई घंटे बिताए थे और शनिवार को अस्पताल में भर्ती होने से पहले उन्होंने हल्का चक्कर आने की शिकायत की थी।शाम को, इज़राइल के चैनल 12 समाचार ने मेडिकल सेंटर में दिए गए नेतन्याहू के एक वीडियो बयान को प्रसारित किया, जिसमें उन्होंने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।उन्होंने कहा, कल (शुक्रवार) मैं अपनी पत्नी के साथ गलील सागर में धूप में, बिना टोपी के, बिना पानी के था, यह अच्छा नहीं है।

## शरद पवार का एक और अटैक, अजित गुट के 12 विधायकों को कारण बताओ नोटिस

**मुंबई, एजेंसी ।** महाराष्ट्र में राजनीति हलचल तेज होती जा रही है। अजित पवार के विद्रोह से घायल हुए शरद पवार अब अपनी पार्टी (एनसीपी) के पुनरुद्धार के लिए जी जान से जुट चुके हैं।

इसी कड़ी में अपने पहले प्रभावशाली कदम के रूप में शरद पवार ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं तक पहुंच बनाने के लिए एनसीपी के युवा कार्यकर्ताओं के साथ एक मैराथन बैठक की है। इस बैठक में सीनियर पवार ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा का पाठ पढ़ाया, जिसमें भाजपा की विभाजनकारी राजनीति का विरोध करने पर जोर दिया गया।

पवार ने एनसीपी के कैडरों से समावेशिता, समानता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने युवा कैडरों से पार्टी की स्थापना और एनसीपी की यात्रा में सराहनीय योगदान देने वाले पार्टी के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों से बातचीत करने का आह्वान किया। पवार ने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं को पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों के साथ बातचीत बढ़ानी चाहिए और 1999 में पार्टी की स्थापना के बाद से पार्टी की यात्रा में उनके बहुमूल्य योगदान को पहचानना चाहिए। एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य का व्यापक दौरा करने को कहा है।

## 80 रुपये किलो कीमत हुई, आगे और कीमतों में आएगी गिरवाट : अश्विनी चौबे

**बक्सर , एजेंसी ।** देश में टमाटर की कीमतों को लेकर हर ओर चर्चा जारी है, रिटेल मार्केट में इसका भाव 300 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया था। सरकार के प्रयासों से टमाटर की कीमतों में भारी कमी आई है इसी पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि आने वाले समय में टमाटर की कीमतों में और अधिक गिरावट आयेगी। भारत सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बाजारों में टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट आई है। टमाटर की कीमतों पर भी सरकार की पैनी नजर है।

## कराची में मॉल बनाने के लिए तोड़ा 150 साल पुराना हिंदू मंदिर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में 150 साल पुराने एक हिंदू मंदिर को तोड़ दिया गया। इससे पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोग दहशत में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कराची के सोल्जर बाजार में मारी माता का मंदिर है। ये 150 साल से भी अधिक पुराना मंदिर है।

इसे शुक्रवार (14 जुलाई) की रात एक अज्ञात बिल्डर ने शॉपिंग प्लाजा बनाने के लिए तोड़ दिया। कहा जा रहा है कि मंदिर की जमीन को एक शॉपिंग प्लाजा प्रमोटर को सात करोड़ रुपये में बेच दी गई है। इसके बाद शुक्रवार की रात पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में मंदिर पर बुलडोजर चला दिया गया। पिछले साल जून में ही मरी माता मंदिर में हिंदू देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को तोड़



दिया गया था।

कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी राम नाथ मिश्रा महराज ने डॉन को बताया कि मरी माता मंदिर का निर्माण 150 साल पहले हुआ था। हमने इसके आंगन में दबे पुराने खजाने के बारे में कहानियां भी सुनी हैं।

यह लगभग 400 से 500 वर्ग गज में फैला हुआ है और पिछले कुछ समय से इस बात की चर्चा थी कि जमीन हड़पने वालों की नजर इस पर थी।

इस बीच मद्रासी हिंदू समुदाय के एक सदस्य ने कहा कि उन्हें दो व्यक्तियों इमरान हाशमी और रेखा उर्फ नागिन बाई की ओर से घर खाली करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ऐसी भी चर्चा थी कि मंदिर को नामित दोनों लोगों ने 70 मिलियन रुपये की राशि में किसी अन्य पार्टी को बेच दिया गया था और खरीदार वहां एक व्यावसायिक भवन बनाना चाह रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस घटना से कराची में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोग दहशत में हैं। कोरंगी इलाके के एक हिंदू निवासी संजीव ने अखबार को बताया कि मोटरसाइकिल पर छह से आठ लोग वहां आए और मंदिर पर हमला कर दिया। पाकिस्तान में अक्सर मंदिर भीड़ की हिंसा का निशाना बनते रहे हैं। कोटरी, भोंग शहर और सुक्कुर-मुल्तान मोटरवे में सिंधु नदी के तट पर स्थित दर्जनों मंदिर नष्ट हो गए हैं।

क्षेत्र के एक हिंदू समुदाय के नेता, रमेश ने कहा कि मंदिर प्रबंधन पिछले कुछ समय से परिसर खाली करने के दबाव में था क्योंकि जमीन जाली दस्तावेजों पर एक डेवलपर को बेच दी गई थी जो भूखंड पर एक शॉपिंग मॉल बनाना चाहता था। हिंदू समुदाय ने पाकिस्तान-हिंदू परिषद, सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह और सिंध पुलिस के महानिरीक्षक से इस मामले में दखल देने की मांग की है। वहीं, पाक सरकार का कहना है कि मंदिर का स्ट्रक्चर काफी जर्जर हो गया था। इसलिए इसे गिरा दिया गया।

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य का दावा

## मोदी ही होंगे अगले पीएम, सीमा हैदर के बारे में कहा- ऐसी महिलाओं से रहें सावधान

**चित्रकूट , एजेंसी।** पद्म विभूषित जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि 2024 में नरेंद्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव खुद तो अच्छे हैं, लेकिन उनकी असंगत सब नष्ट करती है। पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसी महिलाओं से भारतीयों को सावधान रहना चाहिए।

तुलसी पीठ आमोदवन में प्रवास के दौरान जगदगुरु ने पाकिस्तान से बच्चों को लेकर



भारत आई सीमा हैदर की भारतीय युवक से शादी करने के मामले में कहा कि इन लोगों को कुछ समझ में नहीं आता, ऐसी महिलाएं ठीक नहीं हैं। भारतीयों को इनसे बचना चाहिए। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ व सपा के पूर्व सीएम अखिलेश यादव की तुलना में कहा कि योगी का परिवार शुरू से धार्मिक और ईमानदार रहा है।

अखिलेश स्वयं में अच्छे हैं पर असंगत कारण नष्ट होते हैं। पूर्व मंत्री ओपी राजभर के पहले भाजपा गठबंधन छोड़ने अब भाजपा गठबंधन में शामिल होने के सवाल पर कहा कि उनकी लीला वही जानें। इतना जरूर तय है कि इस बार के चुनाव में फिर से मोदी ही रिपीट होंगे और प्रधानमंत्री बनेंगे।

## केरल में पति की हत्या के आरोप में महिला गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम एजेंसी ।** केरल पुलिस ने रविवार सुबह त्रिशूर में अपने पति की हत्या के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला की पहचान त्रिशूर जिले के वरन्थापल्ली की मूल निवासी निशा के रूप में की गई है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक विनोद को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था और आए दिन झगड़ा होता था। 11 जुलाई को जब विनोद ने निशा के मोबाइल पर फोन किया तो वह लगातार इंगेज था। गुस्से में विनोद घर पहुंचा और इस बात पर निशा से झगड़ा करने लगा।

## चांद के बाद सूरज पर पहुंचने की तैयारी, इसी माह रवाना होगा आदित्य एल1

**चेन्नई, एजेंसी ।** साल 2023 को देश की अंतरिक्ष एजेंसी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए अंतरग्रहीय मिशन का साल कहा जा सकता है। चंद्रयान की शुक्रवार को लॉन्चिंग के बाद इसरो का अगल मिशन सौर यान का है। इसरो अगस्त के अंत में सौर वातावरण का अध्ययन करने के लिए ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)/रॉकेट पर अपना कोरोनोग्राफी उपग्रह आदित्य एल1 भेजेगा। इसरो के अनुसार, अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के पहले लैग्रेंज बिंदु (एल1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। रु1 बिंदु के आसपास उपग्रह बिना किसी बाधा के लगातार सूर्य को देखने देख सकेगा।

इसरो द्वारा चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान द्वारा ले जाए जा रहे अपने लैंडर को चंद्रमा की धरती पर उतारने के प्रयास के कुछ दिनों बाद आदियता एल1 मिशन होने की उम्मीद है। इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ के अनुसार, 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम3 से प्रक्षेपित चंद्रयान -3 के लैंडर के 23 अगस्त की शाम 5.47 बजे चंद्रमा की धरती पर उतरने की उम्मीद है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कहा है कि वह इसरो के अगले इंटरप्लेनेटरी मिशन झ सौर मिशन आदित्य एल1 के लिए ट्रैकिंग सहायता प्रदान करेगी। आदित्य-एल1 का नाम हिंदू सूर्य देवता और अंतरिक्ष यान के भविष्य के घर के नाम पर रखा गया है। वहीं एल1 झ पृथ्वी-सूर्य प्रणाली का पहला लैग्रेंज बिंदु है। ईएसए ने कहा, यह कई गुणों का अध्ययन करेगा, जैसे कि कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता और उत्पत्ति।

## दिल्लीः बाढ़ पीडित परिवारों के लिए सीएम ने किया 10 हजार रुपये की मदद का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में यमुना का जलस्तर कम होने से धीरे-धीरे हालातों में सुधार हो रहा है। हालांकि, बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है। इसी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक तौर पर राहत देने के लिए मुआवजा देने का ऐलान किया है। दिल्ली सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों को 10 हजार रुपये की मदद देगी। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित इलाकों में 17 और 18 जुलाई तक स्कूल भी बंद रहेंगे।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा,



यमुना किनारे रहने वाले कई बेहद गरीब परिवारों का काफी नुकसान हुआ है। कुछ परिवारों का तो पूरे घर का सामान बह गया। बाढ़ पीड़ति हर परिवार को आर्थिक मदद के तौर पर दस हजार रुपये प्रति परिवार देंगे। जिनके कागज जैसे आधार कार्ड आदि बह गए, उनके लिए स्पेशल कैंप लगाए जाएगे। साथ ही जिन बच्चों की ड्रेस और किताबें बह गईं, उन्हें स्कूलों की तरफ से ये दिलाएंगे।

इसके अलावा दिल्ली सरकार ने कहा कि बाढ़ को देखते हुए यमुना नदी से लगे इलाकों के स्कूलों में राहत शिविर चलते रहने की संभावना है। इसके चलते सभी सरकारी, सरकार से सहायता प्राप्त, निजी मान्यता प्राप्त स्कूल 17 और 18 जुलाई को छात्रों के लिए बंद रहेंगे। यह आदेश प्रभावित जिलों - पूर्व, उत्तर पूर्व, उत्तर पश्चिम-ए, उत्तर, मध्य और दक्षिण पूर्व के लिए है।

## हर तरफ चीत्कारः कांवड़ यात्रा बनी काल, छह मौतों पर हर आंख नम, चीखते रहे परिजन..., ये तूने क्या किया महाकाल!

**मेरठ , एजेंसी।** गांव से कांवड़ ले जाने वाले इस माह के शुरूआत से ही सभी डाक कांवड़ को लेकर उत्साहित थे। जिसके लिए चंदा इकट्ठा किया गया। पूरा बंदोबस्त होने के बाद 13 तारीख को हंसी-खुशी के साथ ट्रैक्टर पर डाक कांवड़ लेने के लिए गांव से निकल गए थे। ट्रैक्टर-ट्राली पर डीजे लगाया गया था। औघड़नाथ मंदिर में जल चढ़ाने के बाद उन्होंने गांव में फोन कर जानकारी दे दी थी कि कुछ घंटे बाद वह पहुंच जाएंगे। ग्रामीणों ने उनके स्वागत को लेकर पूरी तैयारियां भी कर



ली थीं।सभी भोले के गानों पर नाचते-गाते हुए गांव की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन एक ही पल में हंसी-खुशी का यह माहौल मातम में पसर गया। हादसे में जान गंवाने वाले हिमांशु, महेंद्र, प्रशांत, लखमी और मनीष ने यह सोचा भी नहीं होगा कि वह गांव की तरफ नहीं बढ़ रहे, बल्कि मौत उन्हें अपनी तरफ खींच रही है। बताया जा रहा है कि उन्हें रविवार सुबह गांव में जाना था, लेकिन मंदिर में जल चढ़ने के बाद तय किया गया कि अब सीधे गांव में ही जाएंगे।

रात डाक कांवड़ के 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन से टकराने के हादसे में शिकार हुए सभी लोग जल चढ़ाकर घर पहुंचने के जोश से भरे हुए थे। उन्हें नहीं पता था कि गांव की दहलीज पर ही मौत उनका इंतजार कर रही है। कांवड़ियें गाते हुए गांव की तरफ बढ़ रहे थे और ग्रामीण उनके स्वागत में भजन गा रहे थे, लेकिन गांव से एक किमी पहले ही सवा आठ बजे हादसा हो गया।

हादसे की खबर सुनते ही परिजन मौके पर दौड़े, चीख पुकार के बची परिजन बेटों की सलामती की दुआ करते रहे लेकिन छह कांवड़ियों की मौत हो गई।

पोस्टमार्टम के बाद रविवार दोपहर छह शवों को एक साथ एंबुलेस में लेकर गांव लाया गया तो हर किसी की आंख नम हो गई। पूरे गांव में हा-हाकार मचा हुआ है। आसपास के अन्य गांवों के लोग भी हादसे के बाद राली चौहान पहुंचे हैं।

सम्पादकीय

# कूड़े से महामारी का भय

राज्य सरकार और हरिद्वार जिला प्रशासन ने पूरी जुगत लगा कर कांवड़ मेला संपन्न करा लिया है लेकिन कावड़ियों के वापस लौटने के बाद अब हरिद्वार पूरी तरह से गंदगी में लिपटा हुआ नजर आ रहा है। कांवड़ मेले के दौरान तो वैसे भी सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी लेकिन हरिद्वार नगरी कामड़ विहीन होने के बाद अब गंदगी का ढेर नजर आने लगी है। सड़कों से लेकर पार्किंग के लिए बनाए गए स्थान वह गंगा नदी के तमाम तट इस प्रकार गंदगी से भर गए हैं कि उन्हें साफ करने के लिए प्रशासन को व्यापक तौर पर श्रम करना होगा। हालांकि इसके लिए नगर निगम की टीमों के अलावा हरिद्वार पुलिस अभियान शुरू कर चुकी है, लेकिन शहर को पुराने स्वरूप में लाने के लिए कम से कम तीन–चार दिन लग सकते हैं। मेला संपन्न होने के बाद कावड़ यात्री अपने पीछे लगभग 35 से 40 हजार मेट्रिक टन कूड़ा छोड़कर गए हैं जो भारी बरसात के कारण ना केवल गंगा में भी प्रवाहित हो रहा है, बल्कि इस कूड़े के सड़ने से बीमारी फैलने की भी संभावनाएं बनी हुई है। नगर निगम प्रशासन ने इस कूड़ा निस्तारण के लिए कमर कस ली है लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या कावड यात्रा मेला के दौरान व्यापक तौर पर कूड़ेदान बनाए गए थे? इस बार 4 करोड़ से अधिक कांवड़ियों ने हरिद्वार में अपने कदम रखें तो लिहाजा इस प्रकार की गंदगी होना स्वाभाविक ही था। अभी धार्मिक आयोजनों के दौरान आने वाले श्रद्धालु भी इतने जागरूक नहीं है कि वह किसी शहर या धार्मिक स्थल की साफ–सफाई को लेकर गंभीर नजर आते हो। सबसे बड़ी दिक्कत हरिद्वार में अब प्लास्टिक को लेकर है जो पूरे शहर में नजर आ रहा है। प्रतिबंध के बावजूद भी धड़ल्ले से प्लास्टिक का प्रयोग पूरे कांवड़ मेले के दौरान देखा गया। यह भी मुमकिन नहीं था कि नगर निगम प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले कांवड़ियों पर जुर्माना करें या उन्हें रोके वह भी तब जब खुलेआम सड़कों पर पुलिस की आंखों के सामने ही यातायात नियमों की भी खिल्ली उड़ाई जा रही थी। जहां पुलिस प्रशासन ने कांवड़ मेले के द्वारा धैर्य एवं रियायत देने का फार्मूला अपनाया तो वही शांतिपूर्ण मेला संपन्न होने के लिए दूसरे विभागों ने भी कुछ समय का सब्र रखना ही मुनासिब समझा। सबसे बड़ी दिक्कत बरसात को लेकर है क्योंकि यदि युद्ध स्तर पर कूड़ा उठाने का अभियान जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो यह कूड़ा हरिद्वार में बीमारियों के फैलने का कारण भी बन सकता है। इस मौसम में डेंगू का प्रकोप भी दिखने लगा है और इन परिस्थितियों में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि ना केवल संबंधित विभाग बल्कि तमाम सामाजिक संगठन एवं स्थानीय लोगों को भी कूड़ा निस्तारण की दिशा में शासन प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। इसके लिए एनजीओ तथा स्कूलों की मदद ली ली जा सकती है, लेकिन यहां इस बात का खास ध्यान रखना पड़ेगा, हरिद्वार से कूड़ा उठाकर उसका निस्तारण ऐसी जगह पर किया जाए जहां यह कूड़ा कोई नई मुसीबत ना बन जाए।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सबक



**अजीत द्विवेदी**

इस साल दूसरी बार हुआ है, जब संवैधानिक और प्रशासनिक नियुक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले सुनाए हैं। पहले मार्च में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध और फिर जुलाई में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के प्रमुख की नियुक्ति के मामले में। दोनों फैसले सरकार के कामकाज पर सवालिया निशान लगाने वाले हैं। तभी सवाल है कि क्या सरकार इससे कुछ सबक लेगी या सब कुछ पहले की तरह एक ढर्रे पर चलता रहेगा? सुप्रीम कोर्ट के दो अहम फैसलों के बाद भी यह सवाल इसलिए है क्योंकि मौजूदा सरकार अधिकारियों की नियुक्ति के मामले में बिल्कुल अलग पैटर्न पर काम कर रही है।

बड़ी छानबीन के बाद अधिकारियों की नियुक्ति हो रही है और एक बार नियुक्ति हो जाने पर उस अधिकारी को लंबे समय तक पद पर बनाए रखा जाता है। संवेदनशील पदों पर भी ऐसे अधिकारी काम कर रहे हैं, जो सेवा विस्तार पर हैं या संविदा पर रखे गए हैं। इसमें सरकार की मंशा भले कुछ भी हो परंतु संदेश ऐसा जा रहा है कि सरकार अधिकारियों पर तलवार लटकाए रखना चाहती है ताकि उनसे मनमाना काम कराया जा सके।

प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का मामला भी ऐसा ही है। उनको नवंबर 2018 में दो साल के निश्चित कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया था। नवंबर 2020 में कार्यकाल पूरा होने से पहले उनको एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। उसी समय इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सर्वोच्च अदालत ने इस पर सुनवाई के बाद केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि नवंबर 2021 में विस्तारित कार्यकाल खत्म होने के बाद सरकार उनको फिर से नियुक्ति नहीं देगी। लेकिन सरकार ने उनको पद पर बनाए रखने के लिए एक अध्यादेश जारी कर दिया, जिसमें कहा गया कि सरकार ईडी और सीबीआई के निदेशकों को दो साल के बाद तीन साल तक एक एक साल का सेवा विस्तार दे सकती है।

यानी उनको पांच साल तक पद पर रख सकती है। बाद में सरकार ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) कानून 2021 और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) कानून 2021 संसद से पास कराया। सुप्रीम कोर्ट ने संसद से पारित इन कानूनों की वैधता को स्वीकार किया लेकिन ईडी के तौर पर संजय कुमार मिश्रा को मिले तीसरे सेवा विस्तार को अवैध ठहराते हुए कहा कि वे 31 जुलाई तक ही पद पर रह सकते हैं। इस बीच सरकार नए ईडी प्रमुख की नियुक्ति करे। सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई तक का समय विशुद्ध रूप से प्रशासनिक कारणों से दिया ताकि प्रवर्तन एजेंसी का कामकाज प्रभावित न हो।

इस प्रकरण से कुछ गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, जिन पर सरकार को विचार करना चाहिए। पहला सवाल तो यह है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे किसी भी पद पर हो वह कैसे संवैधानिक नियमों, परंपराओं और अदालती आदेशों से ऊपर हो सकता है? दूसरा सवाल यह है कि कोई भी अधिकारी इतना अपरिहार्य कैसे हो सकता है कि उसके बगैर काम नहीं चले? ध्यान रहे सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने मिश्रा को सेवा विस्तार देने के फैसले को इसी आधार पर न्यायसंगत ठहराया था कि वे कई महत्वपूर्ण और गंभीर मामलों की जांच कर रहे हैं इसलिए उनको नहीं हटाया जा सकता है।

सवाल है कि अब जबकि सुप्रीम कोर्ट ने उनको हटा दिया तो उन गंभीर और महत्वपूर्ण मामलों का क्या होगा? क्या अब उनकी जांच नहीं होगी? अगर कोई एक व्यक्ति इतना महत्वपूर्ण हो जाए कि उसके बगैर किसी संस्था का काम नहीं चले तो फिर इससे संस्था और व्यवस्था की कमजोरी जाहिर होती है। इससे यह पता चलता है कि व्यवस्था में कोई संरचनात्मक या संस्थागत खामी आ गई है। उसे तत्काल दूर किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक लंबा ट्विट करके कई बहुत अच्छी बातें कहीं, जिससे ऊपर उठाए गए सवालों का जवाब भी मिलता है। उन्होंने लिखा– ईडी एक संस्था है, जो किसी भी व्यक्ति से ऊपर है और यह प्रतिबद्ध है अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए। इसका लक्ष्य है– धन शोधन के अपराध और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जांच करना। सोचें, हर संस्था वहां काम करने वाले व्यक्तियों यानी अधिकारियों से ऊपर हो इससे अच्छी बात क्या हो सकती है!

यह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का बुनियादी सिद्धांत है कि व्यक्ति या अधिकारी संस्था के लिए होते हैं, संस्थाएं अधिकारियों या व्यक्तियों के लिए नहीं होती हैं।

संस्थाएं दशकों, सदियों तक नियमों के अनुपालन और हजारों, लाखों लोगों के अनथक परिश्रम का परिणाम होती हैं। उन्हें किसी एक व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह पर निर्भर नहीं बनाया जा सकता है।

हैरानी है कि अमित शाह इस बात को जानते हैं, जैसा कि उन्होंने ट्विट किया फिर भी उनकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि मौजूदा ईडी प्रमुख कई महत्वपूर्ण और गंभीर मामलों की जांच कर रहे हैं इसलिए उनको नहीं हटाया जा सकता है।

ध्यान रहे संवैधानिक, वैधानिक और प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति की शुचिता, गरिमा और उस पर लाखों, करोड़ों लोगों का विश्वास तभी बनता है, जब उसमें पारदर्शिता हो और लोगों को लगे कि सरकार ने बिना किसी पक्षपात या पूर्वाग्रह के नियुक्ति की है। ऐसा हो या न हो लेकिन सार्वजनिक तौर पर ऐसा दिखना जरूर चाहिए। दुर्भाग्य से पिछले कुछ समय से नियुक्तियां इस अंदाज में हो रही हैं और इस अंदाज में अधिकारियों को सेवा विस्तार दिया जा रहा है, जिसमें पारदर्शिता की कमी दिख रही है। उनसे ऐसा मैसेज जा रहा है कि सरकार किसी खास मकसद से किसी अधिकारी को नियुक्त कर रही है या किसी अधिकारी को किसी खास पद पर लंबे समय तक बनाए रख रही है। पिछले साल चुनाव आयुक्त के तौर पर अरुण गोयल की नियुक्ति के मामले में भी ऐसा ही हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट ने खुद सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया था। जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने फैसले में लिखा– हम इस बात से थोड़े हैरान हैं कि अधिकारी ने 18 नवंबर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन कैसे किया था, अगर उन्हें नियुक्ति के प्रस्ताव के बारे में पता नहीं था।

ध्यान रहे अरुण गोयल 1985 बैच के पंजाब काडर के आईएएस अधिकार हैं। उनको 31 दिसंबर 2022 को रिटायर होना था लेकिन उन्होंने 18 नवंबर को अचानक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया और अगले दिन यानी 19 नवंबर को उनको चुनाव आयुक्त बना दिया गया। उन्होंने 21 नवंबर को कार्यभार भी संभाल लिया। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार फरवरी 2025 में रिटायर होंगे और उसके बाद अरुण गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गोयल की नियुक्ति पर कोई फैसला नहीं सुनाया लेकिन सरकार से कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का कानून बनने तक तीन सदस्यों के पैनल के जरिए इनकी नियुक्ति की जाए। पैनल में प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस और लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के नेता सदस्य होंगे। सीबीआई निदेशक की नियुक्ति भी ऐसे ही होती है।

ध्यान रहे पहले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति सिर्फ सरकार की मर्जी से होती थी और तब भी विपक्षी पार्टियां इस एजेंसी के दुरुपयोग के आरोप लगाती थीं। बाद में सुप्रीम कोर्ट की पहल पर ही तीन सदस्यों के पैनल के जरिए नियुक्ति होने लगी।

हालांकि इससे सीबीआई पर पक्षपात के आरोप लगने बंद नहीं हो गए। इस व्यवस्था में ही सीबीआई के इतिहास का सबसे बुरा विवाद कुछ समय पहले हुआ था, जब निदेशक को आधी रात को हटाया गया था और सीआरपीएफ की सुरक्षा में एक अधिकारी को कार्यकारी निदेशक बनाया गया था।

बहरहाल, इन दोनों मामलों का सबक यह है कि सरकार को सभी महत्वपूर्ण नियुक्तियों में पारदर्शिता बरतनी चाहिए और यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लोगों में यह संदेश नहीं जाए कि सरकार अपनी पसंद के अधिकारी बनाने या बनाए रखने के लिए नियमों को तोड़–मरोड़ रही है। सरकार अपने भरोसे से अधिकारी लाने की बजाय सभी अधिकारियों पर भरोसा करने लगे तो ऐसी समस्या नहीं आएगी।

# मंत्रिमंडल में फेरबदल की नई तारीख!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में फेरबदल की हर दिन नई तारीख सामने आती है। नौ और 12 जुलाई की तारीख बीत जाने के बाद अब दूसरा कयास लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी इस समय फ्रांस और अबू धाबी के दौरे पर हैं। वे 13 और 14 को फ्रांस में रहे और 15 को अबू धाबी पहुंचे। वहां से लौटने के बाद ही मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकती है। लेकिन उसके बाद भी विंडो बहुत छोटी है। क्योंकि 18 जुलाई को एनडीए के सहयोगियों की बैठक बुलाई गई है और उसके बाद 20 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू होने वाला है। इस हिसाब से देखें तो 16 से 19 जुलाई के बीच बदलाव हो सकता है। इसमें असली सवाल यह है कि बदलाव सहयोगियों की बैठक से पहले होगा या बाद में ?जानकार सूत्रों का कहना है कि जिस तरह से छह से आठ जुलाई के बीच हुई पार्टी की जोनल बैठकों से ठीक पहले पार्टी ने चार प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए थे उसी तरह 18 जुलाई की बैठक से पहले मंत्रिमंडल में बदलाव हो सकता है और सहयोगी दलों के नेताओं के मंत्री बनाया जा सकता है। उसके बाद उनके साथ बैठक होगी। दूसरी ओर नेताओं की एक समूह ऐसा है, जो मानता है कि 18 जुलाई की बैठक में तय होगा कि मंत्रिमंडल में किस तरह से फेरबदल होगी।

उस दिन पता चलेगा कि कौन से कौन सी पार्टियां एनडीए से जुड़ती हैं। उनकी संख्या के हिसाब से बदलाव का फैसला होगा। यह भी कहा जा रहा है कि बैठक में सहयोगी दलों की सरकार में भागीदारी पर चर्चा होगी। बहरहाल, अगर 20 जुलाई से पहले सरकार में फेरबदल नहीं होती है तो उसके बाद बदलाव की संभावना बहुत कम रह जाएगी। संसद का मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलेगा और उसके बाद स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां होंगी। तब तक राज्यों के चुनाव और अगले लोकसभा चुनाव के लिए समय बहुत कम रह जाएगा।

# मणिपुर में अब सेना ही सहारा

**तीन मई को हिंसा फैलने के बाद तीन हजार से ज्यादा हथियार थानों से लूट लिए गए थे, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि पुलिसकर्मियों ने ही अपने अपने समुदाय के लोगों के हथियार सौंप दिए थे या आराम से हथियार लूट कर ले जाने दिया था। जून के शुरू में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें एक तिहाई से भी कम हथियार रिकवर हुए हैं। बाकी हथियार उग्रवादियों के पास पहुंच गए हैं। सीमा पार म्यांमार और बांग्लादेश में बेस बना कर किसी तरह से सर्वाइव कर रहे उग्रवादी संगठनों को मानो संजीवनी मिल गई है। स्थानीय लोग उनको शरण और सुरक्षा दे रहे हैं। भारतीय सेना ने खुद वीडियो जारी करके बताया कि किस तरह से एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के 12 कार्यकर्ताओं को सेना ने पकड़ा था लेकिन बड़ी संख्या में इक्ठ्ठा होकर महिलाएं उनको छुड़ा ले गई थीं। महिलाएं समूह बना कर दूसरी जाति के लोगों को तलाश रही हैं और सडक़ों पर गड्ढे बनवा रही हैं ताकि सुरक्षा बलों को गांवों में घुसने से रोका जाए।**

**हरिशंकर व्यास**

केंद्र और राज्य दोनों की सरकारें मणिपुर के बारे में चाहे जो दावा करें लेकिन हकीकत है कि राज्य में शांति बहाली नहीं हुई है। उलटे हिंदू मैती और कुकी आदिवासियों के बीच विभाजन इतना गहरा हो गया है कि दोनों एक दूसरे के खून के प्यासे हो रहे हैं। सब अपने अपने इलाके में घात लगा कर बैठे हैं। मौके का इंतजार कर रहे हैं। अब वहां कोई मणिपुरी या भारतीय नहीं है, सिर्फ कुकी और मैती हैं। राज्य के 45 हजार पुलिसकर्मी पूरी तरह जातीय समूहों में बंट गए हैं और किसी को किसी पर भरोसा नहीं है। यहां तक कि असम राइफल्स के ऊपर भी किसी को भरोसा नहीं है। तभी राज्य के 31 विधायकों ने असम राइफल्स को राज्य से हटाने की मांग की है। केंद्र सरकार को असम राइफल्स के खिलाफ ज्ञापन देने वालों 31 विधायकों में ज्यादातर मैती हैं।



तीन मई को हिंसा फैलने के बाद तीन हजार से ज्यादा हथियार थानों से लूट लिए गए थे, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि पुलिसकर्मियों ने ही अपने अपने समुदाय के लोगों के हथियार सौंप दिए थे या आराम से हथियार लूट कर ले जाने दिया था। जून के शुरू में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें एक तिहाई से भी कम हथियार रिकवर हुए हैं। बाकी हथियार उग्रवादियों के पास पहुंच गए हैं। सीमा पार म्यांमार और बांग्लादेश में बेस बना कर किसी तरह से सर्वाइव कर रहे उग्रवादी संगठनों को मानो संजीवनी मिल गई है। स्थानीय लोग उनको शरण और सुरक्षा दे रहे हैं। भारतीय सेना ने खुद वीडियो जारी करके बताया कि किस तरह से एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के 12 कार्यकर्ताओं को सेना ने पकड़ा था लेकिन बड़ी संख्या में इक्ठ्ठा होकर महिलाएं उनको छुड़ा ले गई थीं। महिलाएं समूह बना कर दूसरी जाति के लोगों को तलाश रही हैं और सडक़ों पर गड्ढे बनवा रही हैं ताकि सुरक्षा बलों को गांवों में घुसने से रोका जाए।

इस वीडियो के साथ सेना ने यह भी कहा कि इसे उसकी कमजोरी नहीं समझा जाए। बहरहाल, मणिपुर में जिस तरह से पुलिस के ऊपर अविश्वास बना है और असम राइफल्स को हटाने की मांग उठी है, ऐसे में एकमात्र सहारा सेना है। सेना के ऊपर अब भी लोगों का विश्वास है। लेकिन सेना की किसी भी पहल के साथ साथ राजनीतिक और सामाजिक पहल की भी जरूरत है, जो सरकार नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा देने का मन बनाया था लेकिन पता नहीं किस वजह से उनका इस्तीफ नहीं हुआ। राज्य की 30 फीसदी से ज्यादा कुकी आबादी को उन पर भरोसा नहीं है। वे खुद भी यह भरोसा नहीं बनने दे रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जब मणिपुर के दौरे पर गए थे तब मुख्यमंत्री उनके साथ कुकी बहुल इलाकों में नहीं गए। वे सिर्फ मैती इलाकों में गए।

सो, अगर शांति बहाली के लिए सबसे पहले उपाय की बात की जाए तो वह मुख्यमंत्री का इस्तीफा हो सकता है। बेशक मैती मुख्यमंत्री ही बने लेकिन कोई नया चेहरा लाया चाहिए, जिस पर दोनों समुदाय भरोसा करें। इसके बाद सेना की कार्रवाई के जरिए उग्रवादी समूहों को वापस सीमा पार किया जाए। ध्यान रहे मणिपुर की करीब चार सौ किलोमीटर की सीमा म्यांमार से मिलती है और इसका 90 फीसदी हिस्सा खुला हुआ है। म्यांमार में चीन समर्थित सैन्य शासन है। सो, इसके खतरे का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। बहरहाल, सेना की बहुत बड़ी तैनाती पहले से मणिपुर में है। अगर जरुरत हो तो तैनाती बढ़ाई जा सकती है। राजनीतिक बदलाव और सामाजिक पहल के साथ सैनिक उपाय हो। सेना की कार्रवाई से उग्रवादी समूहों और आम कुकी व मैती समूहों द्वारा बनाए गए बंकर खत्म करा कर, उनके हथियार जमा कर येन केन प्रकारेण शांति बहाली की कोशिश होनी चाहिए। हालांकि इसमें एक दिक्कत यह है कि राज्य के ज्यादातर जिलों में सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून यानी अफस्पा निरस्त कर दिया गया है। इसलिए सेना की कार्रवाई के लिए हर समय मजिस्ट्रेट के साथ रहने की जरूरत होगी ताकि जवानों के ऊपर बाद में मुकदमा नही चल सके।

## कुर्सी को कहें बाय बाय...आपको सेहतमंद बना देगी जमीन पर बैठने की आदत

जमीन पर बैठना प्राचीन भारतीय संस्कृति रही है. हमारे यहां खाना खाने से लेकर शिक्षा पाने तक कई काम जमीन पर ही बैठकर ही किए जाते थे. लेकिन समय बदलने के साथ अब कुर्सी और सोफे ने अपनी जगह बना ली है. यह सच है कि इन चीजों से हमारी लाइफस्टाइल बदली हैं और सुविधाएं भी बढ़ी हैं लेकिन इससे सेहत से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ी हैं. जमीन पर बैठना सिर्फ हमारी संस्कृति ही नहीं थी, इससे कई तरह के हेल्थ बेनिफिट्स भी हैं. जमीन पर बैठने के फायदे अगर आप जान लेंगे तो यकीन मानिए कुर्सी पर बैठना छोड़ देंगे. जमीन पर बैठने से मन में पॉजिटिविटी बढ़ती है. इससे दिल–दिमाग से निगेटिविटी का सफाया हो जाता है. अगर आप हर दिन 10 से 15 मिनट ही जमीन पर बैठते हैं तो खुद में एक अलग तरह की एनर्जी महसूस करेंगे. जमीन पर बैठने और उठने में शरीर के सभी मुख्य जोड़ों का इस्तेमाल होता है. कई मांसपेशियां भी इसमें वर्क करती हैं. रोजाना जमीन पर बैठना एक तरह की एक्सरसाइज ही है. नियमित तौर पर इसकी प्रैक्टिस बॉडी को फ्लैक्सिबल बनाती है.

पद्मासन और सुखासन की तरह ही जमीन पर बैठना भी दिमाग के लिए बेहद फायदेमंद होता है. अगर आपका मन पढ़ाई में नहीं लग रहा है या किसी चीज में दिमाग नहीं काम कर रहा तो जमीन पर बैठने का आदत डालनी चाहिए. अगर आप रोजाना जमीन पर बैठते हैं तो आपकी बॉडी पोश्चर सुधरती है. चूंकि हर दिन जमीन पर बैठने से मांसपेशियां और जोड़े काम करते हैं, उनका इस्तेमाल होता है, इससे पोश्चर में सुधार होता है।

# इंसाफ का नया अंदाज

न्यायपालिका के इंसाफ करने के नए अंदाज से एक तरफ सरकार की मंशा पूरी हो जाती है, और दूसरी तरफ अन्य पक्ष के लोग भी खुश हो जाते हैं कि उनकी दलील पर कोर्ट की मुहर लग गई। लेकिन क्या यह सचमुच न्याय है?

हाल के वर्षों में देश में इंसाफ का एक नया अंदाज देखने को मिला है। अंदाज यह है कि अगर मामला भारत सरकार या सत्ताधारी पार्टी की राजनीतिक विचारधारा से जुड़ा हो, तो कोर्ट का फैसला कुछ ऐसा होता है, जिससे सत्ता पक्ष को ज्यादा परेशानी ना हो। मसलन, अगर किसी मामले में कोर्ट इस नतीजे पर पहुंचता है कि उसमें संवैधानिक प्रावधानों/भावना या न्यायिक निर्देशों का उल्लंघन किया गया है, तो अदालत यह बात दो टूक कहेगी, लेकिन साथ ही उस उल्लंघन के परिणाम को रद्द नहीं करेगी। इस तरह सरकार की मंशा पूरी हो जाती है, और दूसरे पक्ष के लोग भी खुश हो जाते हैं कि उनकी दलील पर कोर्ट की मुहर लग गई। लेकिन क्या यह सचमुच न्याय है? इस रुझान की ताजा मिसाल प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के कार्यकाल को बार–बार बढ़ाए जाने के मामले में देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट इसे अवैध ठहराया। लेकिन साथ ही इस रुझान के लाभार्थी को तुरंत पद मुक्त करने का निर्देश नहीं दिया। जबकि अपेक्षित यह था कि अवैधानिक कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाती और साथ ही सेवा–विस्तार के दौर में ईडी द्वारा लिए गए फैसलों को अगर रद्द नहीं, तो कम से कम पुनर्विचार की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश कोर्ट देता।

मगर इस मामले में वही ट्रेंड दोहराया गया, जो इसके पहले महाराष्ट्र में सरकार बदलने के मामले में दिखने को मिला था, या अयोध्या निर्णय में जिसके संकेत मिले थे।

गौरतलब है कि पिछले करीब पांच सालों से ईडी का नेतृत्व कर रहे संजय कुमार मिश्रा की देखरेख में इस अवधि में एजेंसी ने कई बड़े मामलों में जांच शुरू की है। भारतीय राजस्व सेवा के 1984 बैच के अधिकारी संजय कुमार मिश्रा को सबसे पहले 19 नवंबर, 2018 को दो साल के तय कार्यकाल के लिए ईडी का निदेशक नियुक्त किया गया था। उसके बाद उन्हें तीन बार सेवा विस्तार दिया गया। उनके कार्यकाल में ईडी पर राजनीतिक नजरिए से प्रेरित कार्रवाइयां करने के कई इल्जाम लगे हैं। इसलिए यह मामला संवेदनशील था। कहा जा सकता है कि इसमें कोर्ट ने अर्ध–न्याय किया है।

# खुद को आराम देने के लिए कहीं आप भी तो नहीं कर रहे बेड रोटिंग...जान लीजिए इसके नुकसान



सोशल मीडिया पर आए दिन कोई न कोई ट्रेंड चलता रहता है और युवा इन ट्रेंड को फॉलो भी करने लगते हैं. ऐसा ही एक नया ट्रेंड सोशल मीडिया पर चल रहा है जिसे बेड रोटिंग कहा जाता है.बेड रोटिंग एक ऐसा कॉनसेप्ट है जिसमें जिंदगी के प्रेशर को कम करने और काम से हटकर खुद को आराम देने के बारे में है. कई बार हमारा कुछ भी काम करने का दिल नहीं करता है. मन ऐसा करता है कि बस पलंग पर लेटे रहें. इसे ही बेड रोटिंग कहा गया है.लेकिन फायदा पहुंचाने वाला ये बेड रोटिंग कई मायने में आपके सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकता है.आइए जानते हैं कैसे? जैसा कि अब तक आप समझ ही गए हैं कि बेड रोटिंग एक सोची–समझी एक्टिविटी होती है. इसका सीधा मतलब है दुनिया से अंजान बनकर लेटे पड़े रहना. इसमें व्यक्ति देर तक लेट कर गाने सुनता है या फिर किसी से बात करता है या मूवी देखता है. ये 2 से 3 दिन तक भी हो सकता है. इससे मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है. एक रिसर्च में बताया गया है कि बिस्तर पर देर तक सोना या लेटना मूड स्विंग का कारण बन जाता है. इसके चलते आप तनाव में डूब सकते हैं. 2 से 3 घंटे और ज्यादा से ज्यादा एक दिन तक ऐसे करना ठीक है लेकिन ये वक्त बढ़ता है एक या 2 दिन से ज्यादा बेड रोटिंग कर रहे हैं तो यह आपके मेंटल हेल्थ को लेकर समस्याएं बढ़ा सकता है. दिनभर बेड पर लेटने से आपकी कमर और बैकबोन पर भी इसका प्रभाव नजर आने लगता है. शरीर की मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द होने लगता है और इस तरह से आप खुद को कमजोर और बीमार महसूस करने लगते हैं.दिनभर बेड पर लेटने से शरीर में सुस्ती आने लगती है. आप फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं.

# सीएम धामी ने किया हरेला पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग






देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरेला पर्व के अवसर पर अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में ह्यजल संरक्षण एवं जल धाराओं के पुनर्जीवनह्ल थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधे लगाए। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास करने वाले स्कूलों एवं वन पंचायतों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी और सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व सुख, समृद्धि, शान्ति, पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है। यह पर्व सामाजिक सद्भाव का पर्व एवं ऋतु परिवर्तन का भी सूचक है। यह दिवस प्रकृति व मानव के सह अस्तित्व को स्मरण करने व प्रकृति संरक्षण के हमारे प्रण को पुनः दोहराने का दिन है। उत्तराखण्ड प्राकृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। हरेला एक ऐसा ही पर्व है, जो हमारी प्रकृति से निकटता को और अधिक प्रगाढ़ बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को प्रतिज्ञा लेनी होगी कि हम प्राकृतिक धरोहर एवं विरासत को संरक्षित कर भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देंगे। इस बार राज्य में हरेला पर्व की थीम जल संरक्षण एवं जल धाराओं का पुनर्जीवन निर्धारित की गई है। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में सभी को योगदान देने के लिए अपील की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सर्कुलर इकोनॉमी पर काफी जोर दिया है। क्योंकि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी सर्कुलर इकोनॉमी की बड़ी भूमिका है, जब ट्रीटेड जल को पुनः उपयोग किया जाता है, ताजा जल को संरक्षण किया जाता है तो उससे पूरे इकोसिस्टम को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य की गैर हिम नदियों का ग्रीष्म कालीन प्रवाह बहुत कम रह गया है, जिसका प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन है। उत्तराखण्ड में अकेले पेयजल सैक्टर में जल की आवश्यकता की गणना की जाये, तो वर्ष 2052 की सम्भावित जल की मांग लगभग 1980 एम.एल.डी. आंकी गयी है, जो कि लगभग 23 क्यूमेक है। राज्य में मांग के सापेक्ष शतही श्रोतों पर आधारित मांग 70 प्रतिशत है, जो कि लगभग 1400 एम.एल.डी. ही है। कई विभागों द्वारा स्प्रिंगशेड सोर्स रिजूनिवेशन, कैचमेन्ट एरिया, सोर्स सस्टेनबलिटी, चाल–खाल, चौक डैम, कन्टूर ट्रैन्च आदि के कार्य कराये जा रहे है, जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आये है। ऐसे में पूरे प्रदेश में एक मॉडल प्लान तैयार कर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। इंडस्ट्री और खेती दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिसमें पानी की आवश्यकता अत्यधिक होती है, इन दोनों क्षेत्रों को मिल कर जल संरक्षण अभियान चलाना होगा और लोगों को जागरूक करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में पिछले 9 साल से जो भी प्रमुख विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं, उन सभी में किसी न किसी रूप से पर्यावरण संरक्षण के साथ ही जल संरक्षण का आग्रह भी है। चाहे स्वच्छ भारत मिशन हो या वेस्ट टू हेल्थ से जुड़े कार्यक्रम हो, अमृत मिशन के तहत शहरों में आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का निर्माण हो, या सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति का अभियान हो या फिर नमामि गंगे अभियान के तहत गंगा स्वच्छता का अभियान हो, पर्यावरण रक्षा और जल संरक्षण के क्षेत्र में हमारे देश के प्रयास बहुआयामी रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री जी द्वारा देशभर में अमृत सरोवर की शुरुआत की गई है। अमृत सरोवर योजना के तहत जिला स्तर, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर हो चुके तालाबों का जीर्णोद्धार कर इन्हें पुनर्जीवित किया जा रहा है।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि हरेला पर्व के उपलक्ष्य में इस वर्ष प्रदेश में 08 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। वृक्षारोपण के साथ ही उनके संरक्षण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जायेगा। जिस सेक्टर में वृक्षों का सक्सेस रेट सबसे अधिक होगा, उस सेक्टर के वन दरोगा को सम्मानित किया जायेगा। 15 अगस्त को 1750 गांवों में 75–75 पेड़ लगाये जायेंगे। वन मंत्री ने कहा कि जल

# विक्रम संचालन रखा ठप, अब आरटीओ को सौंपेंगे चाबी

देहरादून। मैजिक वालों से विवाद के बाद विक्रम संचालकों ने रविवार को शहर में संचालन ठप रखा। संचालकों ने यूनियन कार्यालय में बैठक कर मंगलवार को सभी विक्रमों की चाबी आरटीओ को सौंपने का निर्णय लिया है। इंदिरा मार्केट स्थित कार्यालय में हुई विक्रम जन कल्याण सेवा समिति की बैठक में सचिव संजय अरोड़ा ने कहा कि परिवहन विभाग विक्रम संचालकों का उत्पीड़न कर रहा है। मैजिक संचालकों के साथ मिलकर विक्रम वाहनों के पांच से दस रुपये के चालान किए जा रहे हैं। विभाग विक्रम वाहनों को शहर से बाहर करने का दबाव बना रहा है, जबकि विक्रमों का बाहर करने का मामला हाईकोर्ट में विचारधीन है। कहा कि किसी भी संचालक का रोजगार नहीं छिनने दिया जाएगा। मंगलवार को सभी संचालक अपने विक्रम को लेकर आरटीओ जाएंगे, यहां परिसर में विक्रम खड़े किए जाएंगे, आरटीओ से मांग की जाएगी कि जब तक हाईकोर्ट का फैसला नहीं आता तब तक विक्रमों को यथावत चलने दिया जाएगा, यदि अधिकारी नहीं माने तो सभी संचालक आरटीओ को चाबी सौंप देंगे। बताया कि तब तक संचालन ठप रहेगा। इस मौके पर अध्यक्ष सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र नेगी, उपाध्यक्ष पवन कुमार, सह कोषाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, संजय धीमान, नवाब अली, मनीष कुरियाल, हरिओम चौधरी, शरद बहुगुणा, प्रमोद कुमार, दवेंद्र रावत, विकेश जसल, सुमित तलवार आदि मौजूद रहे।

विक्रम हो या मैजिक संचालक सभी को परमिट की जो शर्तें उसके अनुरूप संचालन करना होगा। जो नहीं करेगा, उनके परमिट के खिलाफ धारा–86 के तहत कार्रवाई की जाएगी। –सुनील शर्मा, आरटीओ (प्रशासन), देहरादून।

## साइबर ठगों ने लगाया व्यक्ति को 99,997 रुपये का चूना

देहरादून। कोरियर डिलीवरी को पांच रुपये के ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को 99,997 रुपये का चूना लगा दिया। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि अपर तुनवाला निवासी विनीत किशोर बिष्ट ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में तहरीर दी। कहा कि 30 जून को वह अवकाश पर बाहर गए थे। इस दौरान उनका एक कोरियर आना था।

आरोप है कि 27 जून को एक नंबर से कॉल आया। उसने कोरियर डिलीवरी व्बॉय के नंबर पर भेजने के लिए लिंक भेजा। आरोप है कि डिलीवरी व्बॉय को लिंक भेजा तो उसने लिंक पर पांच रुपये का भुगतान करने को कहा।

# पूर्व सैनिकों ने कहा, हमारी उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार



विकासनगर। पूर्व सैनिक पर्वतीय जन कल्याण समिति की रविवार को बहादरपुर में संपन्न हुई बैठक में ओआरओपी की विसंगतियां दूर नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई गई। पूर्व सैनिकों ने कहा कि सीमाओं की रक्षा करने के बाद सेवानृवित्त होने पर सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निरंजन सिंह चौहान ने कहा कि बीती 20 फरवरी से पूर्व सैनिक वन रैंक वन पेंशन के लिए दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरना दे रहे हैं। बावजूद इसके केंद्र सरकार उनकी सुध नहीं ले रही है। कहा कि जवानों ने विषम भौगोलिक परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा की। अब उन्हीं जवानों को अब अपने अधिकारों के लिए धूप, बरसात में धरना देना पड़ रहा है। कहा कि सरकार को पता है कि पेंशन में विसंगतियां हैं, फिर भी सरकार आंखों पर पट्टी बांधकर पूर्व सैनिकों की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सैनिक हमेशा दुश्मनों के खिलाफ जंग लड़ते हैं, लेकिन केंद्र सरकार अब उन्हें अपनी ही सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने को मजबूर किया जा रहा है। कहा कि सैनिकों को हर परिस्थिति से निपटना आता है। कहा कि अब वक्त आ गया है, जब अपने अधिकार के लिए एकजुट होकर आंदोलन शुरू किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### अंकिता के गांव तक पदयात्रा करेंगे कांग्रेस नेता

देहरादून। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर पुनः आक्रमक हुई कांग्रेस के नेता सोमवार को पौड़ी में अंकिता भंडारी के गांव तक पदयात्रा करेंगे। कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन और प्रशासन मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और वरिष्ठ नेता मनीष खंडूड़ी सहित तमाम नेता करीब 20 किमी पैदल चलकर अंकिता के गांव पहुंच उनके परिजनों से मिलेंगे। पहले कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड सहित अन्य मुद्दो को लेकर 17 जुलाई से पौड़ी लोकसभा में पांच दिवसीय यात्रा प्रस्तावित की थी, लेकिन अब राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश पर उक्त यात्रा को संक्षिप्त कर दिया गया है। इसके बजाय कांग्रेस का ध्यान अब प्रदेश स्तरीय पदयात्रा पर है।

### गर्भवती युवती ने कराया प्रेमी पर दुष्कर्म का केस

देहरादून। तीन महीने की गर्भवती युवती ने प्रेमी के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस साक्ष्य जुटाकर आरोपों की जांच कर रही है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी युवती ने तहरीर दी।

कहा कि वह सिराज निवासी भगत सिंह कॉलोनी, रायपुर को पिछले तीन साल से जानती है। आरोप है कि शादी का झांसा देकर उसने कई बार पीड़िता के साथ शरीरिक संबंध बनाए। अभी वह तीन महीने की गर्भवती है। आरोप है कि अब शादी नहीं कर रहा है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सरकार से व्यापारियों के फ्री बीमा की मांग

देहरादून। महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ ने प्रदेश सरकार से व्यापारियों का फ्री बीमा करने की मांग की है। देहरादून में रविवार को डिस्पेंसरी रोड स्थित एक प्रतिष्ठान में हुई बैठक में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा कि मध्यम वर्गीय दुकानदार अपनी रोजी–रोटी बड़ी मुश्किल से चला रहे हैं। व्यापारी सरकार को जीएसटी, इनकम टैक्स आदि देता है।

# कांवड़ मेला संपन्न, ऋषिकेश के बाजार में लौटी रौनक



ऋषिकेश। करीब पखवाड़ा भर चले कांवड़ मेले के समापन के बाद शहर का बाजार अब फिर से ग्राहकों से गुलजार होने लगा है। स्थानीय लोग बाजार से खरीदारी के लिए पहुंचने लगे हैं। अब लोगों को आवाजाही के लिए विक्रम व ऑटो की दिक्कतें भी नहीं हो रही है। 4 जुलाई से शुरू हुई कांवड़ यात्रा बीते शनिवार को संपन्न हो गई। नीलकंठ पैदल मार्ग पर अब गिनती के श्रद्धालु दर्शन कर लौटते नजर आ रहे हैं। पिछले लगभग तीन हफ्तों से बद्रीनाथ हाईवे, चन्द्रबाघा पुल, रामझूला और जानकी सेतु पर होने वाली पैदल, डाक और बिना साइलेंसर की बाइकें दौड़ाते सैकड़ों की तादाद में कांवड़ियों की भीड़ अब कम नजर आ रही है। जिसके चलते अब स्थानीय लोग बेझिझक अपने घरों से बाहार बाजार में खरीदारी को पहुंचते दिख रहे हैं। रविवार को व्यापारी अपनी दुकानों को व्यवस्थित कर ग्राहकों की राह तकते नजर आए। इसके अलावा कांवड़ की भीड़ के चलते यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले विद्यालयों को भी प्रशासन द्वारा बंद रखा गया था। ऐसे विद्यालय भी अब सोमवार से अपने तय समय पर खोल दिए जाएंगे।

## पेंशनरों को कोषागार से किया जाए पेंशन भुगतान

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन ने जल निगम पेंशनर्स को ट्रेजरी से पेंशन भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की। पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में सरकार से ट्रेजरी से पेंशन भुगतान का वादा निभाने की मांग की गई।

बल्लूपुर संघ भवन में हुई बैठक में अध्यक्ष पीएस रावत और महामंत्री ईश्वरपाल शर्मा ने कहा कि सरकार के साथ समझौता हुआ था कि पेंशनर्स को महीने के पहले सप्ताह में पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। बार बार पेंशन भुगतान में दिक्कत न हो, इसके लिए पेंशन का भुगतान ट्रेजरी से कराने का आदेश जल्द किया जाए। कहा कि हरेला पर्व पर भी पेंशनर्स को पेंशन का भुगतान नहीं हो पाया है।

# वेदाचार्यों ने दी लोगों को वेदों के महत्व की जानकारी

विकासनगर। आर्य समाज मंदिर डोभरी में रविवार को साप्ताहिक सत्संग और हवन किया गया। वेदाचार्यों ने लोगों को वेदों के महत्व की जानकारी दी।

भजनोपदेशकों ने भजनों के माध्यम से वेदों की ओर लौटने को जागरूक किया। आचार्य नरेंद्र तोमर ने कहा कि वेदों का ज्ञान सभी के लिये ग्राह्य और धारण करने योग्य है। वेदों के ज्ञान को आचरण में लाकर ही मनुष्य ज्ञानी, सदाचारी तथा धार्मिक बनता है। जो मनुष्य वेद ज्ञान के विरुद्ध आचरण करते हैं वह न तो ज्ञानी हो सकते हैं, न ही सदाचारी और धार्मिक हो सकते हैं। इसका ज्ञान, अनुभव मनुष्य को वेदाध्ययन और ईश्वर की उपासना करने से होता है। ऋषि दयानन्द ने अपने वेदों के गहन ज्ञान के आधार पर वेदों को सब सत्य विद्याओं की पुस्तक बताते हुए घोषणा की है कि वेदों को पढ़ना, पढ़ाना, सुनना और सुनाना सभी सज्जन, श्रेष्ठ, आर्य पुरुषों का परम धर्म है। बताया कि वेदों के अनुसार मनुष्य जीवन के लक्ष्य हैं धर्म का पालन, सत्कर्मो से अर्थ की प्राप्ति, शास्त्र के अनुसार मर्यादित जीवन व्यतीत करना और ईश्वर का साक्षात्कार कर मोक्ष को प्राप्त करना। वेद रुढ़िवाद के बजाय शास्त्रों की बुद्धि और ज्ञान युक्त बातों को स्वीकार करने की शिक्षा देते हैं। इन्हीं शिक्षाओं को धारण, पालन कर हमारे पूर्वज ऋषि, महर्षि, योगी, ध्यानी व महापुरुष बनते थे। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थितियों को देखकर नहीं लगता कि कोई मनुष्य इन महापुरुषों के कार्यों के अनुरूप अपने जीवन को बना सकेगा। बावजूद इसके हमारे लक्ष्य इन महापुरुषों के अनुरूप अपने जीवन को बनाना ही है। इस दौरान यशपाल सिंह तोमर, अजय आर्य, नागेंद्र सिंह तोमर, सुमन आर्य आदि मौजूद रहे।

# भूस्खलन के चलते जौनसार बावर के 43 मोटर मार्ग फिर हुए बंद



विकासनगर। मलबा आने से रविवार को जौनसार बावर में 43 मोटर मार्ग फिर से बंद हो गए। देर शाम तक इन मार्गों पर आवाजाही शुरू नहीं हो सकी थी। 43 मार्गों के बंद होने से जहां प्रभावित क्षेत्रों के लोग अलग–थलग पड़े हैं। वहीं नगदी फसलों को बाजार तक नहीं पहुंचा पा रहे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

बारिश कम होने के बाद जौनसार बावर क्षेत्र में कई मोटर मार्गों के खुलने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु होने के आसार बढ़ गये थे, लेकिन शनिवार रात से लेकर रविवार को सड़क किनारे की पहाड़ियों पर लगातार हो रहे भूस्खलन से बंद मार्गों की संख्या फिर से बढ़कर 43 हो गयी है। हालांकि लोनिवि, पीएमजीएसवाई की जेसीबी लगातार मलबा हटाने का काम कर रही हैं, लेकिन एक जगह मलबा हटाते ही दूसरी जगह मलबा आने और पुश्तों के टूटने से मार्ग फिर से बंद हो रहे हैं। बंद पड़े 43 मोटर मार्गों में हरिपुर इच्छाडी क्वानू मीनस, साहिया क्वानू, दारागाड कथियान, पुरोडी रावना डामटा, कालसी बैराटखाई, खारसी, भूराड, टिपराड, कोटी कनासर, अटाल पुल से रोटा खड्ड, रिखाड बिसोई, मखटी पोखरी ककनोई, बंगूर, अणु चिल्हाड, बाणा चिल्हाड, क्यारापुल डामटा कोटा म्यूंडा, प्यूनल, लाखामंडल खबऊ दमन दसेऊ भाजरा, कांड टूयूटाड, डांगुरा महट्यावा, सैंज चंदेऊ कोठा तारल, गडोल सकरौल आदि सभी मोटर मार्ग शामिल हैं।

## सरकारी विभाग में आउटसोर्स नौकरी का झांस दो लाग ठगे

देहरादून। सरकारी विभाग में आउटसोर्स के जरिए नौकरी लगाने का झांसा देकर दो युवकों से एक–एक लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ितों ने अपर मुख्य सचिव गृह को शिकायत भेजी। जिसके आधार पर पटेलनगर थाना पुलिस ने ठगी के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि विवेक कुमार निवासी शमशेर गढ़ की तहरीर पर हरी कुमार शाह पुत्र दिल्लू लाल निवासी टीएचडीसी देहराखास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने कहा कि उससे व उसके साथी सार्थक कोठारी निवासी नथुवावाला को आरोपी ने दो साल पहले सरकारी विभाग में संविदा या आउटसोर्स के जरिए नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक लाख रुपये लिए।

# किशोरी ने मां के व्बॉयफ्रेंड पर कराया छेड़छाड़ का केस

देहरादून। 14 वर्षीय किशोरी ने अपनी मां के प्रेमी के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि ट्यूशन पढ़ाने के दौरान आरोपी ने उससे छेड़छाड़ की। मामले में मां–बेटी में विवाद होने पर पीड़िता बालिका निकेतन में रह रही थी। तहरीर पर गढ़ी कैंट थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर कैंट सम्पूर्णानंद गैरोला ने बताया कि मां–बेटी के विवाद का यह मामला बाल आयोग में चल रहा है। उन्होंने बताया कि लड़की ने तहरीर दी। बताया कि वह कैंट क्षेत्र स्थित एक कान्वेंट स्कूल में पढ़ती है। पुलिस के मुताबिक उसकी मां का पति से तलाक हो चुका है। वह गढ़ी स्थित एक कर्नल के यहां नौकरी करती है। इस दौरान अंशुल यादव नाम का युवक से उसकी मां की दोस्ती हुई। तहरीर में कहा कि वह उसकी मां व्बॉयफ्रेंड है। आरोप है कि अंशुल कर्नल के घर उसे ट्यूशन पढ़ाने आता था। इस दौरान अंशुल ने उससे छेड़छाड़ की। पीड़िता ने मां को बताया। आरोप है कि मां ने अंशुल का पक्ष लिया। पीड़िता ने ट्यूशन पढ़ना बंद कर दिया। आरोप है कि इस बीच मां कर्नल के घर से दूसरी जगह अंशुल के साथ किराये पर रहने लगी। जबकि, वह कर्नल के घर में रहकर पढ़ाई करती रही।

# कांग्रेस सत्ता में आने पर वापस लेगी अग्निवीर योजनाः सुप्रिया श्रीनेत



देहरादून। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि अग्निवीर योजना युवाओ के साथ बहुत बड़ा धोखा है, कांग्रेस सत्ता में आई तो इस योजना को वापस लिया जाएगा। उन्होंने समान नागरिक संहिता पर भी सरकार पर बिना ड्राफ्ट के चर्चा करने का आरोप लगाया है। रविवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा ने अग्निवीर के जरिए 23साल की उम्र में युवाओं को बेरोजगार बनाने का मजाक किया है।

# हेली बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी गैंग का मुखिया बिहार से गिरफ्तार



देहरादून। हेली बुकिंग का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले गैंग के एक सरगना को एसटीएफ और साइबर क्राइम स्टेशन पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से ठगी की रकम दूसरे खाते में पहुंचने के लिए उपयोग होने वाली पीओएस मशीन बरामद हुई है। साइबर ठगी के लिए बनाई गई 41 फर्जी वेबसाइटों को उत्तराखंड पुलिस अब तक ब्लॉक करा चुकी है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से भी शिकायतों का डाटा इकट्ठा किया गया। इसके बाद बिहार से पूर्व में सन्नी राज, बॉबी रविदास को गिरफ्तार किय गया था। उनके जरिए जानकारी मिली कि गैंग का सरगना नीरज कुमार पुत्र अवधेश प्रसाद निवासी पोक्सी, केसोरी, थाना पकरीबरवां जिला नवादा बिहार है। उसे भी बिहार में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने हाल में पवनहंस हेली सर्विस के कर्मचारी होने का कई लोगों को फर्जी पहचान पत्र भी भेजा। आरोपी खुद फर्जी वेबसाइट बनाने का काम करता है। साथ ही ठगी की रकम जो खातों में जाम होते है उसे कार्ड से स्वाइप कर फिनो पेमेंट बैंक खाते में ट्रांसफर कर देता। इसके बाद उसे एटीएम से निकाल लिया जाता।

# लक्ष्य सेन अमेरिकी ओपन से बाहर, सेमीफाइनल में फेंग से हारे




काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका), । भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन को अमेरिकी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग से संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और यहां तीसरी वरीयता प्राप्त सेन दूसरी वरीयता प्राप्त फेंग के खिलाफ 17–21, 24–22, 17–21 से हार गए। शनिवार की रात को खेला गया बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट का यह मुकाबला एक घंटे 16 मिनट तक चला।

विश्व में सातवें नंबर के खिलाड़ी फेंग और 12वीं रैंकिंग के सेन के बीच यह मुकाबला काफी करीबी रहा। शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ी 17 अंकों तक बराबरी पर थे लेकिन के बाद चीन के खिलाड़ी ने आक्रमक रवैया दिखाया जबकि भारतीय खिलाड़ी ने कुछ गलतियां की।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेन ने हालांकि दूसरे गेम में अच्छी वापसी की। पहले गेम की तरह दूसरे गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों खिलाडियों ने लंबी रैलियां की और 22 अंक तक दोनों बराबरी पर थे। लक्ष्य ने इसके बाद लगातार दो अंक बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

तीसरा और निर्णायक गेम पहले गेम की पुनरावृति था। फेंग ने शुरू में बढ़त बनाई और इंटरवल तक वह 11–8 से आगे थे। सेन ने हालांकि हार नहीं मानी और 17 अंकों तक स्वयं को मुकाबले में बनाए रखा। चीन के खिलाड़ी ने इसके बाद दबाव बनाया तथा मैच अपनी झोली में डाला।

सेन का फेंग के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 5–2 है। उन्होंने पिछले सप्ताह कनाडा ओपन में चीन के खिलाड़ी को 21–18, 22–20 से हराकर अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 खिताब जीता था।

## एशियाई गेम में सेलेक्शन पर रिंकू ने जाहिर की खुशी, पोस्ट कर लिखा फाइनली

नई दिल्ली,आईपीएल 2023 में कोलकाता नाईट राइडर्स के टॉप स्कोरर रिंकू सिंह ने एशिया गेम्स के लिए भारतीय टीम में चयन होने पर खुशी जताई. रिंकू सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की. कोलकाता नाईट राइडर्स ने रिंकू के चयन पर उनके फोटो पर फाइनली लिख कर पोस्ट किया था. इसे रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपलोड किया.

इससे पहले भारतीय टीम की आगामी टी–20 सीरीज के लिए रिंकू सिंह को टीम में जगह नहीं मिली थी. हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम वेस्टइंडीज 5 टी–20 की सीरीज खेलेगा. आईपीएल स्टार्स शामिल होंगे, लेकिन रिंकू का नाम नहीं है.कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने गुजरात के खिलाफ 5 बॉल पर 5 सिक्स लगा कर अपने नाम का परचम लहराया. इस सीजन आंद्रे रसेल के बुरे फॉर्म में होने के बाद 25 साल के रिंकू सिंह ने कोलकाता के लिए फिनिशर की जिम्मेदार निभाई. 2018 में आईपीएल डेब्यू करने वाले रिंकू ने आईपीएल 2023 में केकेआर के लिए सबसे ज्यादा 474 रन बनाए.

# दक्षिण क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को 75 रन से हराकर दलीप ट्रॉफी जीती




बेंगलुरु, दक्षिण क्षेत्र ने अपना दबदबा कायम रखते हुए रविवार को यहां पश्चिम क्षेत्र को 75 रन से करारी शिकस्त देकर दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता।

पश्चिम क्षेत्र ने 298 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन सुबह अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 182 रन से आगे बढ़ाई और उसकी टीम 222 रन बनाकर आउट हो गई। दक्षिण क्षेत्र की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर साईं किशोर और तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने चार चार विकेट लिये।

दक्षिण क्षेत्र में 14वीं बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे उसने पश्चिम क्षेत्र से पिछले साल मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

पिछले साल फाइनल में पश्चिम क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को 294 रन से हराया था।

प्रियांक पंचाल ने सुबह अपनी पारी 92 रन से आगे बढ़ाई लेकिन वह इसमें केवल तीन रन जोडक़र पवेलियन लौट गए। उन्होंने तेज गेंदबाज विदवथ कावेरप्पा की गेंद पर विकेटकीपर रिकी भुई को कैच थमाया। इससे पश्चिम क्षेत्र की रही सही उम्मीद ही समाप्त हो गई। कावेरप्पा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

अतीत सेठ (नौ) और धर्मेंद्रसिंह जडेजा (15) ने आठवें विकेट के लिए 23 रन जोड़े लेकिन इस से वह हार का अंतर ही कम कर पाए। धर्मेंद्र जडेजा ने साईं किशोर की गेंद पर लंबा शॉट खेलने के प्रयास में वाशिंगटन सुंदर को कैच थमाया। इसके बाद उन्होंने सेठ को भी आउट किया।

# कैरी को लॉर्डस में जॉनी बेयरस्टो को आउट करने का खेद नहीं



मैनचेस्टर, ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी को लॉर्ड्स में जॉनी बेयरस्टो को विवादास्पद तरीके से स्टंप आउट करने का कोई खेद नहीं है और उन्होंने कहा कि वह भी पहले इस तरह से आउट हो चुके हैं। एशेज के दूसरे टेस्ट मैच में कैरी के बेयरस्टो को आउट करने के तरीके पर विवाद पैदा हो गया था और कई विशेषज्ञों ने इसे खेल भावना के खिलाफ करार दिया था। मैच के चौथे दिन बेयरस्टो ऑल राउंडर कैमरन ग्रीन का बाउंसर छोडऩे के बाद यह सोच कर की गेंद ' डेड बॉल' हो चुकी है, क्रीज से बाहर निकल आए लेकिन कैरी ने गेंद विकेटों पर मार दी और इस तरह से बल्लेबाज स्टंप आउट हो गया। कैरी ने चौथे एशेज टेस्ट से पहले मैनचेस्टर में कहा, मैं भी कुछ अवसरों पर इस तरह से आउट हो चुका हूं और मैंने भी इससे पहले बल्लेबाजों को इस तरह से आउट करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, दक्षिण आस्ट्रेलिया में मेरे पहले ए ग्रेड के मैच में मैं इस तरह से आउट हो गया था। मैं तब क्रीज छोडक़र चला गया था। मैं निराश था लेकिन तब मेरा कप्तान मेरे पास आया और उन्होंने कहा कि अगली बार तुम्हें क्रीज पर पांव बनाए रखना याद रहेगा। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच जीता था लेकिन इंग्लैंड के दर्शकों ने उनकी जमकर हूटिंग की थी। कैरी ने कहा, हमें तुरंत ही कुछ प्रतिक्रियाएं मिल गई थी। हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है और मैं इसका पूरा सम्मान करता हूं।

## हॉकी इंडिया ने राज्य इकाइयों से जिला स्तर पर नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा

नयी दिल्ली, हॉकी के विकास के लिए अपनी परियोजनाओं और नीतियों का अधिक प्रभावी तरीके से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हॉकी इंडिया अपने 'सदस्य इकाई पोर्टल' का विस्तार करेगा और इसमें जिला इकाईयों की जानकारी भी शामिल करेगा।पूर्व भारतीय कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि उनका उद्देश्य सभी हिस्सों में सुशासन को बढ़ावा देना है।हॉकी इंडिया ने अपने सदस्य इकाइयों से जिला इकाइयों की कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए कहा है और इसे सदस्य यूनिट पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं ताकि राष्ट्रीय संस्था इनकी प्रगति का पता कर सके। टिर्की ने रविवार को जारी बयान में कहा,सदस्य इकाई पोर्टल में जिलों को शामिल करने का कदम जमीनी स्तर पर हॉकी को बढ़ावा देने के प्रति हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

# प्रियंका ने 20 किमी पैदल चाल में रजत और विकास ने कांस्य पदक जीता




बैंकॉक, भारत की प्रियंका गोस्वामी और विकास सिंह ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को यहां क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीते।


राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका ने महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल में एक घंटा, 34 मिनट और 24 सेकंड का समय लेकर चीन की यांग लिउजिंग (1:32:37) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। जापान की युकिको उमेनो ने 1:36:17 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। प्रियंका का सर्वश्रेष्ठ समय हालांकि एक घंटा, 28 मिनट और 45 सेकंड है। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय भावना जाट एक घंटा, 38 मिनट और 26 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रहीं।

पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में विकास ने एक घंटा, 29 मिनट और 32 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक हासिल किया। जापान के युतारो मुरायामा (1:24:40) ने स्वर्ण पदक जबकि चीन के वांग काइहुआ (1:25:29) ने रजत पदक जीता। भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह रेस पूरी नहीं कर पाए क्योंकि जजों ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था।

विकास का सर्वश्रेष्ठ समय एक घंटा, 20 मिनट, पांच सेकंड है। यह उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला पदक है। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 10 किमी पैदल चाल में रजत पदक जीतने वाली प्रियंका और विकास 17 से 29 अगस्त तक हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैंपियनशिप और 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

## फिल्मी सफर

# फिल्म जवान का नया पोस्टर जारी, शाहरुख खान का दिखा धांसू अवतार



शाहरुख खान ने लगभग 4 साल बाद फिल्म पठान के जरिए वापसी कर बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। यही वजह है कि उनकी आने वाली फिल्म जवान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। बीते दिनों निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसे सोशल मीडिया पर भरपूर प्यार मिल रहा है। अब गुरुवार को शाहरुख ने जवान का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें अभिनेता एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं।

शाहरुख ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर जवान का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, अब काम पर वापस जाना है। जवान रिलीज के लिए तैयार हो रहा है। प्त एएसकेएसआरके के लिए अपना समय देने के लिए धन्यवाद। जैसा कि फिल्म का पोस्टर भेजने का वादा किया गया था और निश्चित रूप से ढेर सारा प्यार। आप सभी से सिनेमाघरों में मुलाकात होगी। इस फिल्म के प्रदर्शन में अब दो महीने से कम का समय बचा है और यह इंटरनेट की दुनिया में ट्रेंड कर ही है। शाहरुख खान और नयनतारा अभिनीत एटली निर्देशित जवान केट्रेलर को तीन भाषाओं – हिंदी, तेलुगु और तमिल में जारी किया गया और यह जारी होने के बाद से सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो में से एक है। ट्रेलर सभी प्लेटफार्मों पर 100 मिलियन व्यूज को पार करने में सफलतापूर्वक कामयाब रहा है। अब तक इस ट्रेलर को 100 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। एटली की फिल्म का ट्रेलर सोमवार को विभिन्न प्लेटफार्मों पर जारी किया गया और 112 मिलियन बार देखा गया! हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में व्यूज की संख्या को मिलाकर, ट्रेलर यूट्यूब पर ही 60 मिलियन व्यूज का आंकड़ा छूने के लिए तैयार है। हिन्दी में जारी किए गए ट्रेलर को अब तक 50 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं वहीं तमिल में जारी हुए ट्रेलर ने अब तक 6.3 मिलियन आंकड़ों को छूने में सफलता प्राप्त कर ली है। जबकि तेलुगु में जारी हुए ट्रेलर ने अब तक यूट्यूब पर 4 मिलियन आंकड़ों को छूने में सफलता प्राप्त कर ली है। एसआरके और एटली की जवान 2023 की प्रत्याशित और प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसे एक व्यावसायिक मनोरंजन फिल्म माना जाता है और इसमें अभिनेता दोहरी भूमिका में हैं – एक खुफिया अधिकारी और एक चोर। फिल्म में अन्य लोगों के अलावा सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एटली निर्देशित इस फिल्म का निर्माण शाहरुख खान के बैनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है और यह 2 जून, 2023 को रिलीज होने वाली थी।

## अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 का नया पोस्टर जारी, 11 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। यह फिल्म ओह माय गॉड का सीक्वल है। अब अक्षय ने ओह माय गॉड 2 का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें वो भगवान शिव के अवतार में नजर आ रहे हैं। इसके साथ अक्षय ने खुलासा किया कि ओह माय गॉड 2 का टीजर जल्द रिलीज होगा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, बस कुछ दिनों में। 11 अगस्त को सिनेमाघरों में। टीजर जल्द ही आएगा। ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय कर रहे हैं। अश्विन वर्दे और अक्षय इसके निर्माता हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अरुण गोविल और यामी गौतम जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 11 अगस्त को ओह माय गॉड 2 का सामना सनी देओल की गदर 2 से होगा।

# फिल्म भाग मिल्खा भाग मेंरे करियर में सबसे अहमः फरहान अख्तर




रॉक ऑन,दिल धडक़ने दो और जिंदगी ना मिलेगी दोबारा जैसी फिल्मों के लिए मशहूर बॉलीवुड अभिनेता–निर्देशक–निर्माता फरहान अख्तर की फिल्म भाग मिल्खा भाग को 10 साल पूरे हो गए। इसमें उन्होंने भारतीय खेल के दिग्गज मिल्खा सिंह का किरदार निभाया था।

भाग मिल्खा भाग एक दशक पहले रिलीज़ हुई थी और इस फिल्म में भारतीय खेल दिग्गज मिल्खा सिंह की कहानी बताई गई थी जिन्होंने एशियाई खेलों के परचम लहराया था। वह राष्ट्रमंडल खेलों में 400 मीटर में स्वर्ण जीतने वाले एकमात्र एथलीट है। उन्होंने 1958 और 1962 के एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते।

राकेश ओमप्रकाश मेहरा द्वारा निर्देशित फिल्म की 10वीं वर्षगांठ पर फरहान ने सोशल मीडिया पर अपना आभार व्यक्त किया है।

स्क्रीन पर अपने किरदार के जीवन के विभिन्न चरणों को साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, एक फिल्म की रिलीज को 10 साल हो गए हैं, जिसका मेरे करियर और मेरे जीवन में बहुत महत्व है। बात यह है कि यह आपके दिलों में भी स्थान रखती है। मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए राकेश ओमप्रकाश मेहरा को एक बार फिर से तहे दिल से धन्यवाद।


# रोमांटिक ड्रामा देवदास के 21 साल पूरे



रोमांटिक ड्रामा देवदास ने अपने 21 साल पूरे कर लिए हैं। भंसाली प्रोडक्शंस ने दर्शकों और सिनेमा प्रेमियों को देवदास की कुछ झलक दिखाई। सोशल मीडिया पर निर्माताओं द्वारा साझा किए गए वीडियो में बैकग्राउंड सॉन्ग सिलसिला ये चाहत का के साथ फिल्म के प्रतिष्ठित दृश्यों और संवादों की झलक थी। कैप्शन में निर्माताओं ने लिखा, एक आकर्षक यात्रा की शुरुआत, जहां प्यार की कोई सीमा नहीं है, देव की पारो के लिए लालसा, चुन्नी की अटूट दोस्ती और चंद्रमुखी की सांत्वना के साथ मिलकर भावनाओं की एक टेपेस्ट्री बनाती है जो आज 21 साल बाद भी गूंजती है। पहले फ्रेम से ही देवदास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक सेट भव्य रूप से डिजाइन किया गया था जो बंगाल की असाधारण दुनिया में ले गया था। देवदास में वेशभूषा अपने आप में अलग थी। वेशभूषा ने न केवल कथा को बढ़ाया बल्कि पात्रों की पहचान भी बन गया। देवदास का संगीत हमारी यादों में बसा हुआ है।

डोला रे डोला, सिलसिला ये चाहत का और हमेशा तुमको चाहा जैसे गाने प्यार और चाहत के गीत बन गए, जिनकी धुन आज भी हमारी आत्मा में बसी हुई है। संगीत फिल्म की धडक़न बन गया। ऐश्वर्या राय बच्चन की पारो मासूमियत का प्रतीक है, जबकि माधुरी दीक्षित की चंद्रमुखी में करुणा और चुन्नी बाबू की अटूट दोस्ती झलकती है।

# कृति ने किया बतौर निर्माता अपनी पहली फिल्म दो पत्ती का ऐलान, काजोल के साथ वापसी



अभिनेत्री कृति सैनन कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुकी हैं और अब उन्होंने निर्माता की टोपी भी पहन ली है। कृति ने अपने होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म दो पत्ती की घोषणा कर दी है और वह इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। खास बात है कि इसके जरिए कृति सालों बाद काजोल के साथ सेट पर वापसी करेंगी। कृति ने सोशल मीडिया पर भी यह जानकारी दी है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा।

कृति ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उनके साथ निर्माता कनिका ढिल्लों, नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेंट प्रमुख मोनिका शेरगिल और काजोल नजर आ रही हैं। कृति ने लिखा, 3 बेहद मजबूत इरादों वाली, प्रेरणादायी और बेहद प्रतिभाशाली महिलाओं के साथ फिल्म दो पत्ती की घोषण कर बहुत रोमांचित हूं। 8 साल बाद काजोल मैम के साथ दोबारा काम करने को लेकर ज्यादा ही उत्साहित हूं। इस कहानी को बताने के लिए नेटफ्लिक्स से बेहतर प्लेटफॉर्म कोई नहीं। कृति ने कहा, दो पत्ती की कहानी मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि इसके जरिए बतौर निर्माता मैं अपना सफर शुरू करने जा रही हूं। मुझे फिल्म निर्माण का हर एक पहलू पसंद है और मैं हमेशा उन कहानियों में रचनात्मक रूप से ज्यादा शामिल होना चाहती हूं, जो मेरे दिल को छूती हैं। उन्होंने कहा, मैंने यह महसूस किया है कि मैं अब अभिनय के अलावा और भी कुछ करने के लिए तैयार हूं।

कृति ने बीते दिन एक वीडियो साझा कर अपने प्रोडक्शन हाउस के नाम का ऐलान किया। उन्होंने इसके साथ लिखा, अब वक्त है और भी बहुत कुछ सीखने का। आखिरकार ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की शुरूआत हो गई है पूरे दिल और बड़े सपनों के साथ।

कृति ने आगे कहा, मैं प्रतिभाशाली कनिका ढिल्लों के साथ इस फिल्म का सह–निर्माण करने के लिए उतावली हो रही हूं।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338